RNI 70280/91 | हरियाणा का अग्रणी दैनिक

Email :dailypathakpaksh@yahoo.in (website : www.pathakpaksh.com)

# पाठकपक्ष

वर्ष : 37 | अंक : 09
हिसार | वीरवार, 11 अप्रैल, 2024
फोन : 98964-72584, 92552-73410
मूल्य : 2.00 रूपए पृष्ठ ६







# स्कूल बस पलटने से 8 छात्रों की मौत, 22 घायल, छुट्टी के दिन भी खुला था विद्यालय

**पाठकपक्ष न्यूज**

**महेन्द्रगढ़, 11 अप्रैल :** नारनौल के कनीना में बृहस्पतिवार सुबह हुए स्कूल बस हादसे में आठ बच्चों की मौत हो गई। जबकि 22 बच्चे घायल हो गए। घायलों को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इस घटना के बाद इलाके में चीख-पुकार मच गई है। थोड़ी देर में घटना स्थल पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। आज ईद-उल-फितर की छुट्टी होने के बावजूद स्कूल खुला हुआ था। ऐसे में अभिवावक सहित सभी लोग स्कूल प्रशासन पर सवाल भी उठा रहे हैं। हादसे की मुख्य वजह सामने आयी है। नियमों को ताक पर रख कर बस दौड़ाई जा रही थी। ड्राइवर शराबी है। यह जानते हुए भी स्कूल प्रबंधन ने उसे बस की चाबी सौंप दी। घटना के लिए स्कूल प्रबंधन से लेकर आरटीए भी कम जिम्मेदार नहीं हैं।

**अनियंत्रित होकर पलट गई बस**

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। हादसे के बार में जानकारी देते हुए पुलिस ने कहा कि बच्चों को लेकर जा रही एक जीएल पब्लिक स्कूल की बस नारौल में उन्हानी गांव के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में छह बच्चों की मौत हो चुकी है। कई अन्य लोग भी घायल हुए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया और जांच की जा रही है।



**2018 में ही खत्म हो गया था बस का फिटनेस सर्टिफिकेट**

पुलिस जांच के अनुसार, बस का फिटनेस सर्टिफिकेट छह साल पहले 2018 में समाप्त हो गया था। ईद-उल-फितर की छुट्टी के बावजूद स्कूल चल रहा था। कक्षा चार से कक्षा दस तक के बच्चे कनीना के जी.एल. पब्लिक स्कूल के थे। पुलिस ने बताया कि बच्चे स्कूल जा रहे थे तभी एक अन्य वाहन को ओवरटेक करते समय बस पलट गई।

**नशे में था ड्राइवर, 120 की स्पीड से चल रही थी बस**

महेंद्रगढ़ के कनीना में एक निजी स्कूल बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से घायल हुए एक छात्र का कहना है कि ड्राइवर नशे में था। वह बस को 120 की स्पीड से चला रहा था, जिससे संतुलन बिगड़ गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुर्घटना पर दुख जताते हुए कहा कि हरियाणा के महेंद्रगढ़ में हुआ बस हादसा अत्यंत पीड़ादायक है। मेरी शोक-संवेदनाएं उन सभी परिवारों के साथ हैं, जिन्होंने इस दुर्घटना में अपने बच्चों को खोया है। इसके साथ ही मैं सभी घायल बच्चों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों और उनके परिजनों की हरसंभव सहायता में जुटा है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हादसे पर दुख जताते हुए कहा कि हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले में स्कूल बस दुर्घटना में अनेक मासूम बच्चों की मृत्यु का समाचार हृदय विदारक है। ईश्वर शोक संतप्त माता-पिता एवं परिजनों को यह क्रूर आघात सहने की शक्ति प्रदान करें। मैं घायल हुए बच्चों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।

हरियाणा की शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने निजी अस्पताल में पहुंच कर 12 छात्रों का हाल-चाल जाना। इस दौरान उन्होंने सीमा त्रिखा ने कहा कि निजी स्कूल संचालक व्यापार करना बंद करें। कहा कि निजी स्कूल संचालक को नियमों का पालन करना चाहिए। मंत्री ने कहा कि ड्राइवर के साथ-साथ स्कूल के प्रिंसिपल व मालिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी। उन्होंने कहा कहा कि ईद के अवकाश के दिन स्कूल खोलना गंभीर बात है। इसको लेकर प्रदेश के सभी शिक्षा अधिकारी को कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वाले स्कूलों के खिलाफ की कड़ी कार्रवाई जाएगी।

पूर्व सीएम दुष्यंत चौटाला ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि महेंद्रगढ़ के उन्हानी गांव में स्कूल बस दुर्घटनाग्रस्त होने का दुःखद समाचार मिला है। जिसमें बच्चों के निधन और कुछ बच्चों के घायल होने की हृदय विदारक सूचना है। ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि मृतक बच्चों की आत्मा को शान्ति प्रदान करें और घायलों को जल्द स्वस्थ करें। भगवान से प्रार्थना है कि बच्चों के परिवार को ये अपार पीड़ा सहने की शक्ति दें।

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि हरियाणा के महेंद्रगढ़ में स्कूल बस का दुर्घटनाग्रस्त होना बेहद दुःखद है। मेरी संवेदनाएं मृतक बच्चों के शोक संतप्त परिजनों के साथ है। ईश्वर उन्हें यह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें। स्थानीय प्रशासन के द्वारा घायल बच्चों को सहायता पहुंचाई जा रही है। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

सीएम नायब सैनी ने कहा कि महेंद्रगढ़ के कनीना में स्कूल बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से आहत हूं। मेरी संवेदनाएं उन शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपने मासूम बच्चे खोए हैं। स्थानीय प्रशासन घायलों की सहायता के लिए मुस्तैद है।सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

पूर्व सीएम मनोहर लाल ने कहा कि कनीना में स्कूल बस के दुर्घटनाग्रस्त होने का दुःखद समाचार प्राप्त हुआ। जिसमें कुछ बच्चों की असामयिक मृत्यु होने और कुछ के घायल होने की सूचना है। मैं सभी शोकसंतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट करता हूं और घायल बच्चों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि नारनौल के उनहानी के पास स्कूल बस के दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में कई बच्चों की दुःखद मृत्यु और कई बच्चों के घायल होने की खबर पीड़ादायक है। इस हादसे में अपने बच्चों को खोने वाले परिजनों के प्रति मैं गहरी संवेदनाएं प्रकट करता हूं। ईश्वर से प्रार्थना है कि बस दुर्घटना में घायल बच्चे जल्द से जल्द स्वस्थ हों।

## स्वास्थ्य मंत्री डॉ. गुप्ता ने कनीना में सड़क दुर्घटना में हुई 8 बच्चों की मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया

### जानकारी मिलते ही कनीना कस्बा हुए रवाना

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 अप्रैल :** स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने महेन्द्रगढ़ के कस्बा कनीना में स्कूली बच्चों से लदी बस के सड़क दुर्घटना में 8 बच्चों की हुई मौत पर गहरा शोक प्रकट किया है। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही वे घटना स्थल पर रवाना हो गए। इससे पूर्व कैबिनट मंत्री ने सम्बंधित प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देष दिये कि सभी घायल बच्चों के इलाज की मुकम्मल व्यवस्था की जाए। मुख्य चिकित्सक अपनी निगरानी में इलाज की व्यवस्था करें। इलाज, मेडिकल जांच व दवाइयां आदि कि व्यवस्था सरकारी स्तर पर की जाए। यदि कहीं दूसरी जगह घायलों को शिफ्ट करना पड़े तो इसकी व्यवस्था भी सरकारी स्तर पर की जाये। जानकारी के अनुसार स्कूली बस में 35 बच्चे सवार थे, जिसमें 8 बच्चों की मौत मौके पर ही हो गई थी। 15 बच्चे गंभीर रूप से घायल है। मीडिया प्रभारी सुरेश गोयल धूप वाला ने बताया कि कैबिनेट मंत्री ने कहा है कि घटना की जांच उच्च स्तर पर करवाई जाएगी। जो भी दोषी होगा कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी।उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटना से किसी का भी मन दुखी हुए बगैर नहीं रह सकता। मन बहुत व्यथित है परंतु ईश्वर की मर्जी आगे हम विवश है।डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि जिन बच्चों की मौत हुई है, परमात्मा उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे। घायल बच्चों के शिघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

## सभी एकजुट होकर मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करें : सावित्री जिंदल

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 अप्रैल (देवेन्द्र उप्पल):** ''सभी लोगों को एकजुट होकर मोदी जी के विकसित भारत के सपने को साकार करना चाहिए।'' ये शब्द हरियाणा की पूर्व मंत्री श्रीमती सावित्री जिन्दल ने विशेष बातचीत में कहें।



नई पार्टी में आप क्या अनुभव कर रही हैं? इस प्रश्न के उत्तर में श्रीमती जिन्दल ने कहा कि '' यहां भी अपनापन महसूस हुआ है, क्योंकि ये भी अपने ही लोग हैं। हिसार मेरा घर है और यहां के लोग हमारे परिवार के सदस्य हैं। पहले भी हम यहां की सेवा के लिए हमेशा सक्रिय रहे हैं और आगे भी कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे।''

श्रीमती जिंदल ने मतदाताओं से पुरजोर अपील की है कि लोकसभा प्रत्याशी रणजीत चौटाला को वोट देकर सफल बनाएं।

श्रीमती जिन्दल ने बताया कि फिलहाल वे हिसार व कुरूक्षेत्र में भाजपा चुनाव अभियान में भाग लेंगी। इस अवसर पर पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर डी.एन. सैनी व ललित शर्मा भी उपस्थित थे।

## पूर्व मंत्री चौ. हरिसिंह सैनी पंचतत्तव में विलीन

### ऋषि नगर स्थित श्मशान घाट में किया गया अंतिम संस्कार

**पाठकपक्ष न्यूज**



**हिसार, 11 अप्रैल :** आज हरियाणा के पूर्व मंत्री एवं आर्य समाज हिसार के प्रधान समाज सेवी चौ. हरिसिंह सिंह सैनी पंचतत्व में विलीन हो गए। उनका ऋषि नगर स्थित श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान मोहल्ला सैनियान हिसार से दोपहर 12 बजे शुरू हुई और शहर के विभिन्न बाजारों, डोगरान बाजार से इंदिरा मार्किट, तेलियान पुल, राजगुरु मार्केट, आर्य समाज मार्केट में से होते हुए ऋषि नगर मुख्य बस स्टैंड स्थित श्मशान घाट पहुंची। रास्ते में विभिन्न बाजारों में अनेक व्यापारी साथियों ने अपने प्रिय नेता पर पुष्प वर्षा करते हुए उन्हें अंतिम विदाई दी। उनकी अंतिम यात्रा में श्री नायब सिंह सैनी मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार की ओर डॉ. कमल गुप्ता स्वास्थ्य मंत्री हरियाणा सरकार ने पुष्पांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी में मुख्यमंत्री का संदेश देकर ढांढस बंधाया। स्वामी आर्यवेश प्रधान सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा भारत एवं जिला प्रशासन हिसार की तरफ से अनिल कुमार तहसीलदार हिसार ने श्रद्धांजलि दी। वहीं रणजीत सिंह चौटाला, श्रीमती सावित्री जिंदल पूर्व मंत्री हरियाणा सरकार ने सैनियान मोहल्ला स्थित उनके आवास पर पहुंचकर संवेदना प्रकट की। इसके अलावा उनकी अंतिम यात्रा में प्रो. संपत सिंह, अतर सिंह सैनी पूर्व मंत्री हरियाणा, डॉ. डी.पी.वत्स पूर्व सांसद, ईश्वर मालवाल चेयरमैन माटी कला बोर्ड, नरेश जांगड़ा चेयरमैन श्रमिक कल्याण बोर्ड, डॉ. युद्धवीर सिंह ख्यालिया पूर्व आयुक्त हिसार, श्रीमती सुनैना चौटाला, गौतम सरदाना पूर्व महापौर, कृष्ण सिंगला टीटू, जगन्नाथ पूर्व एच पी एस सी सदस्य, बिहारी लाल राड़ा, अरविंद खरींटा, हनुमान ऐरन, मुकेश सैनी, कुलदीप ग्रोवर सहित शहर के वरिष्ठ चिकित्सक, अधिवक्तागण, समाजसेवी आदि ने हरिसिंह सैनी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके साथ ही आर्य समाज की विभिन्न शिक्षण संस्थाओं से जुड़े हुए मैनेजमेंट कमेटी व स्टाफ के सदस्यगणों सहित हजारों की संख्या में शहर के गणमान्य जनों ने मौजूद रहकर श्री सैनी को अंतिम विदाई दी।

## सही मायनों में आर्य थे चौ. हरि सिंह सैनी

**-पाठकपक्ष डेस्क-**



आर्य श्रेष्ठ व आदर्श व्यक्ति को कहते हैं। हिसार आर्य समाज के अध्यक्ष व पूर्व मंत्री चौ. हरिसिंह सैनी वास्तव में ही उच्चकोटि के इन्सान थे, जिन्होंने अपना जीवन वैदिक नियमों के आधार पर जिया। श्री सैनी एक निष्पक्ष, निडर व कर्मठ नेता थे। हिसार की आर्य समाज का निर्माण उन्होंने स्वयं दिन-रात खड़े होकर करवाया था। यह आर्य समाज अब न केवल उत्तर भारत अपितु पूरे देश की अग्रणी आर्य समाजों में से एक है। श्री सैनी सच्चे देशभक्त, समाजसेवी और पचांयती व्यक्तित्व के स्वामी थे। समाज के उत्थान में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। उत्साह और दृढ़ संकल्प उनके ऐसे गुण थे, जिनसे सभी प्रभावित हो जाते थे। परम पिता परमात्मा उन्हें अपने चरणों में स्थान प्रदान करें और परिवार को शक्ति प्रदान करें।

**-देवेन्द्र उप्पल**






# सम्पादकीय..........

## भ्रामक विज्ञापन मामले में सर्वोच्च न्यायालय का संदेश...

*सर्वोच्च न्यायालय ने भ्रामक विज्ञापन मामले में माफी नामंजूर कर जो संदेश देने की कोशिश की है, उसे व्यापक व सकारात्मक दृष्टि से देखने की जरूरत है। बाबा रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के एमडी आचार्य बालकृष्ण की बिना शर्त माफी को स्वीकार करने से मना करने से ज्यादा महत्वपूर्ण है, जिम्मेदार सरकारी अधिकारियों के प्रति कोई नरमी न बरतना। बुधवार को सभी आरोपी माफी की मुद्रा में थे, पर अदालत ने माफी को पर्याप्त नहीं माना। गुमराह करने वाले कथित विज्ञापन प्रकाशित करने का जिक्र करतेहुए अदालत ने कह दिया कि अवमानना मामले में कार्रवाई का सामना करने के लिए तैयार रहिए। अवमानना की कार्रवाई से बचने की हर संभव कोशिश की गई थी, पर ऐसा लगता है कि अदालत ने इस मामले को वांछित गंभीरता से लिया है। अदालत का मानना है कि जानबूझकर अदालत के निर्देश की अवहेलना की गई है और हलफनामे पहले मीडिया को भेजे गए हैं, ताकि प्रचार से लाभ लिया जा सके। खैर, न्यायालय ने आगे की सुनवाई 16 अप्रैल को करने का फैसला किया है। शायद उस दिन कोई ठोस फैसला सामने आएगा। ध्यान रहे, अदालत ने दिव्य फार्मेसी के खिलाफ शिकायतों पर कार्रवाई में देरी करने के लिए उत्तराखंड राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण के अधिकारियों की भी जमकर खिंचाई की है। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुललाह की पीठ ने अधिकारियों को जिस लहजे में चेताया है, वह गौर करने लायक है। आम तौर पर यह देखा गया है कि दवा या खान-पान व्यवसाय से जुड़ी गड़बड़ियों के प्रति जिम्मेदार अधिकारियों का रवैया लगभग आपराधिक रहता है। लोगों के जीवन से खिलवाड़ होता है, पर आधिकारियों की नींद नहीं टूटती। यह कोई नई बात नहीं है, आए दिन नकली या मिलावटी दवाएं पकड़ी जाती हैं, फिर भी अनेक कंपनियां इस स्याह कारोबार में अपने हाथ काले करने के लिए आती रहती हैं। ज्यादातर मामलों में अधिकारी तभी जागते हैं, जब लोग जान-माल से हाथ धोने लगते हैं। जब बहुत महंगी दवाओं का भी काला कारोबार हो सकता है, तब सामान्य दवाओं या खाने-पीने की चीजों में कितनी मिलावट होती होगी, सोचा जा सकता है। इसमें कोई दोराय नहीं कि ज्यादातर वस्तुओं की गुणवत्ता पर लोग शक करते हैं और समाज में इस पर खुलकर चर्चा होती है, पर जिम्मेदार अधिकारी तरह-तरह के बहानों में अपना मुंह छिपाए रहते हैं। ऐसे अधिकारियों पर अगर नकेल कसी जाए, तो अपराधी कारोबारियों पर भी लगाम लगेगी। अब समय आ गया है, जब देश के लोगों को भ्रामक विज्ञापनों से बचाया जाए। सवाल किसी एक कंपनी का नहीं है, सवाल पूरे बाजार का है। जहां एक से बढ़कर एक गलत विज्ञापनों की भरमार है। झूठे दावों की लंबी फेहरिस्त है, ऐसे दावों पर युद्ध स्तर पर प्रहार होना चाहिए। केवल उन्हीं अधिकारियों को नहीं, बल्कि दवा गुणवत्ता से जुड़े सभी अधिकारियों को सचेत हो जाना चाहिए। लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कतई मंजूर नहीं। पूरे देश में यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि बीमारियों के इलाज का दावा करने वाला कोई भी विज्ञापन प्रकाशित नहीं किया जाएगा। भविष्य में कोई भी कंपनी दूसरी कंपनी के लिए अपमानजनक विज्ञापन जारी नहीं करे। एक महत्वपूर्ण बात यह भी कि कार्यपालिका के साथ ही विधायिका के भी किसी प्रतिनिधि को फर्जी दवा निर्माताओं के साथ खड़े होने से बचना चाहिए।*

# अगर इस शिक्षा को अपनाएंगे तो जीवन के हर क्षेत्र में मिलेगी सफलता

**अध्यात्म**

जब भी हम किसी के साथ व्यवहार करते हैं तो कोशिश रहती है कि सिर्फ हमारी अच्छी बातें ही उसे पता चले। उस वक्त हम अपनी गलतियों को उनसे छुपाते हैं। जब भी हम नौकरी के लिए आवेदन देते हैं तब संक्षिप्त विवरण में अपने अच्छे अनुभव और अपनी अच्छी आदतें मुख्य रूप से दर्शाते हैं। जब नियुक्ति करने वाले ऐसे बायोडेटा पढ़ते हैं तो उन्हें लगता है कि हम बहुत महान इंसान हैं। यह हम सब इसलिए करते हैं ताकि हमें अच्छी नौकरी मिले। इसी तरह जब भी लोग अपने काम या व्यापार के लिए लोन लेने बैंक में जाते हैं तो वे अपनी सारी अच्छी आर्थिक उपलब्धियों के बारे में बताते हैं। क्योंकि वे अपने आपको एक भरोसेमंद ग्राहक दिखाना चाहते हैं न कि एक आपत्तिजनक व्यक्ति। वे अपने व्यवसाय की सारी सफलताएं इसलिए लिखते हैं ताकि उन्हें आसानी से लोन मिल सके। ठीक ऐसे ही जब हम कॉलेज या फिर किसी व्यावसायिक स्कूल के लिए आवेदन करते हैं तब भी हम अपने सबसे अच्छे संदर्भ अपने पूर्व शिक्षकों से इकट्ठा करते हैं ताकि कॉलेज में हम सबसे अच्छे और बुद्धिमान छात्र समझे जाएं।

दुनियावी कामों में यह सब करना आम बात है, पर आध्यात्मिकता की बात करें तो उस स्तर पर ऐसा करना नामुमकिन है क्योंकि हम अपने अंतर में बसी उस प्रभु-सत्ता से खुद को छिपा नहीं सकते। उनके सामने हमारी जिंदगी एक खुली किताब की तरह होती है। इसलिए पूरी ईमानदारी और सचाई के साथ हम अपनी कमियों की ओर देखें। यदि हम इस ओर ध्यान देकर उनमें सुधार लाने की कोशिश करेंगे तो हम देखेंगे कि हम पहले से कम गलतियां कर रहे हैं और धीरे-धीरे बेहतर होते चले जा रहे। अंत में हम ऐसी स्थिति में पहुंच जाएंगे जब हमसे कोई गलती नहीं होगी और तभी हम रूहानियत के क्षेत्र में तरक्की कर सकते हैं। इसके विपरीत यदि हम खुद के बजाय सिर्फ अपनी उपलब्धियों की ओर देखेंगे तो हम अहंकार से भर जाएंगे, जिससे हम कभी भी बेहतर नहीं हो पाएंगे।

हम संतों के जीवन की ओर देखते या पढ़ते हैं तो पाते हैं कि कैसे वे एक धार्मिक जीवन व्यतीत करते थे। यदि हम उनके जीवन से स्वयं का मूल्यांकन करें, तो अपनी कमियों को देखेंगे और संतों-महापुरुषों की शिक्षा को अपनाएंगे और निश्चित रूप से जीवन के हर क्षेत्र में हम सफलता प्राप्त करेंगे। संतों की दी गई सलाह पर चलकर हम हर दिन पहले से बेहतर हो सकते हैं। उदाहरण के लिए यदि हमें किसी खाद्य पदार्थ से एलर्जी है और बार-बार उसी खाद्य पदार्थ को ग्रहण करेंगे, तो हमारे शरीर पर उसकी प्रतिक्रिया जरूर होगी। क्या हम ऐसे इंसान को समझदार कहेंगे जो एलर्जी वाले खाद्य पदार्थों का सेवन कर खुद को बीमार कर रहा हो? नहीं, बल्कि उसे सलाह देंगे कि वह इस तरह के खाद्य पदार्थों से परहेज करे। इसी तरह यदि हमारे कार्य हमें किसी नैतिक गुण को धारण करने से रोक कर हमारी रूहानी तरक्की में बाधा डाल रहे हैं तो ऐसे व्यवहार को हमें बदलना चाहिए।

तो आइए! हम अपनी कमियों का प्रतिदिन निरीक्षण करें। हम पिता-परमेश्वर को किसी नौकरी के लिए आवेदन नहीं दे रहे हैं और न ही रूहानी विवरण लिखकर खुद को अच्छा दर्शा रहे हैं। हम अपनी कमियां पिता-परमेश्वर से छिपा नहीं सकते। हमें अपनी गलतियां सुधारने के लिए सच्चा प्रयास करने की जरूरत है।

# सुण मौल्लड़ की



चुनाव में भाजपा को देहात में ज्यादा परिश्रम करने की जरूरत।

**किसान आंदोलन की छाया इबै जिन्दा सै।**

# कैसा रहेगा आपका कल

**मेष :** शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आय में बढ़ौतरी संभव है। अटकी योजना शुरू करने में कामयाबी मिल सकती है।

**वृषभ :** पूंजी निवेश से लाभ होगा। परिवार के साथ खुशी भरे पल व्यतीत करेंगे। निजी संबंधों में मधुरता बढ़ेगी।

**मिथुन :** कोई नया कार्य आरंभ न करें। महत्वपूर्ण निर्णयों को टाल दें। किसी ऊंचे स्थान पर न चढ़ें गिरने का भय। भगवान कृष्ण जी की पूजा करें।

**कर्क :** आकस्मिक धन लाभ होगा। बड़े भाई-बहनों का सहयोग प्राप्त होगा। यात्रा सुखद रहेगी।

**सिंह :** सामाजिक कार्यों में भागीदारी बढ़ेगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। राजकीय मामलों में पक्ष मजबूत होगा।

**कन्या :** भाग्योदय के अवसर प्राप्त होंगे। बुजुर्गों का सहयोग व मार्गदर्शन लाभकारी रहेगा। कार्यक्षेत्र में अनुकूलता बढ़ेगी।

**तुला :** मन में अंजाना भय बना रहेगा। किसी अंजान व्यक्ति पर भरोसा न करें। खान-पान में सावधानी रखें। भगवान शिव जी की पूजा करें।

**वृश्चिक :** भौतिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। प्यार के मामले में सफलता मिलेगी। व्यापारिक सांझेदारी लाभकारी रहेगी।

**धनु :** अनावश्यक विवादों से दूर रहें। प्यार के मामले में सफलता मिलेगी। व्यापारिक सांझेदारी लाभकारी रहेगी।

**मकर :** दिन शुभ रहेगा। योग्यता के बल पर बड़ी सफलता हासिल कर सकते हैं। बौद्धिक कार्य से जुड़े लोग सम्मान प्राप्त करेंगे।

**कुंभ :** विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। हीन भावना का शिकार हो सकते हैं। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। भगवान हनुमान जी की पूजा करें।

**मीन :** लोगों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रत्येक कार्य में सफलता मिलेगी। अध्ययन के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन शुभ रहेगा।



**ज्योतिषी मोहित वशिष्ठ**
**नक्षत्र एस्ट्रोलोजी, प्रथम तल 12-एन, माडल टाउन मार्केट, हिसार (मो. : 94666-69799)**

# अच्छे संबंध रखने की बस एक ही शर्त है किसी की गलतियां नहीं अच्छाइयां देखें!

**-पाठकपक्ष डेस्क-**



कितनी अजीब बात है कि हम आपस में छोटी छोटी बातों में, उनसे उठने वाले विवादों अपनी ऊर्जा और समय नष्ट करते रहते हैं, जैसे कि पति पत्नी में से एक को चीजें व्यवस्थित रखने की आदत है और दूसरे को चीजें बिखेर कर रखने की आदत है, ऐसे छोटे छोटे कई मुद्दे हो सकते हैं। बरसों तक इसी पर बहस, नुक्ता चीनी और दूसरे को तानें मारते रहेंगे, क्रोध करते रहेंगे और घर में नकारात्मक ऊर्जा फैलाते रहेंगे। होना तो यह चाहिए कि दोनों में से एक को समझ जाना चाहिए कि उस स्थिति को, उस बंदे को बदला नहीं जा सकता तो प्रेम पूर्वक उस की आदत को स्वीकार कर लिया जाए या फिर अपने को ही बदल लेना चाहिए, उसके तर्क से सहमत हो जाना चाहिए कि घर है होटल थोड़े ही न हैं, अगर चीजें अस्त व्यस्त पड़ी है तो पड़ी रहे, इतना दिल को भी क्या लगाना, स्ट्रैस क्यूं लेना? बात सही और गलत की नहीं है, बात अपने को और दूसरे को जानने की हैं, फिर जो जैसा है, उसे वैसा स्वीकार करने की है। सफाई और चीजें व्यवस्थित हो,यह हमें अच्छा लगता है, तो इसकी कीमत हमें ही चुकानी चाहिए। इतनी ऊर्जा और समय तो चीजों को उठाने और करीने से व्यवस्थित करने में नहीं लगता, जितना हम डांट डपट, रोब डालने और दूसरे को अपने हिसाब से चलाने में हम खर्च कर देते हैं। जब भी ऐसे छोटे छोटे मतभेद आते हैं तो उस समय हमें चिंतन करना चाहिए कि कि उद्विग्न और परेशान होने के अलावा क्या विकल्प है? एक तो यह कि उस व्यक्ति को ही छोड़ दें,ऐसा संभव नहीं तो उस को उसके सारे गुण और दोष सहित स्वीकार कर लो। हम दोनों ही विकल्प नहीं आजमाते, तीसरा विकल्प लेते हैं, गुण तो एक तरफ रख देते हैं, और कमियां छांट छांट कर दूसरे को तानें देते रहते हैं, कोसते रहते हैं और मन ही मन कुढ़ते रहते हैं, अपने को भी दुःख देते रहते हैं और दूसरों को भी चैन से रहने नहीं देते। अगर हम किसी में दोष देखने की बजाय उसमें उसकी अच्छाई को देखने की आदत डाल लें तो फिर उन्हें स्वीकार करना भी आसान हो जाता है। एक बार एक स्कूल में एक छात्रा, जिसके पिता स्कूल के प्रिंसिपल थे, अपनी एक टीचर के खिलाफ कि वह उसे बहुत डांटती है, शिकायत लेकर आती है और उन्हें बदलने के लिए कहती हैं। पिता प्रिंसिपल की हैसियत से उसकी शिकायत सुन लेते हैं, और उसे कहते हैं कि कल वो उस टीचर को बदल देंगे,पर पहले आज वो उस टीचर में जो भी दस खूबियां उसे समझ में आती है, लिख कर के ले आएं। बच्ची कक्षा में जाकर सोचती है कि, टीचर पढ़ाती तो अच्छा है, उसकी लिखाई भी अच्छी है, अपने विषय के बारे में भी उसे पूरा ज्ञान है, आदि आदि। दस अच्छाइयां लिखने के बाद उसका मन बदल जाता है और वो अपनी शिकायत वापस ले लेती है। कहने का तात्पर्य यह कि अगर हम किसी के गुण देखें तो उसके अवगुणों को नजरंदाज करना और उन्हें स्वीकार करना सहज हो जाता है.यदि आप किसी व्यक्ति के दोषों की चर्चा करते हो तो उसके गुणों की भी चर्चा भी अवश्य करो, आपके मन की भ्रांति मिट जाती है।

**-डॉ. कमलेश कली**

# कर्म का मर्म

## जब स्वामी विवेकानंद ने चलाई बंदूक

तब स्वामी विवेकानंद अक्सर विदेश यात्राओं में रहते थे। वहां आम लोगों के बीच पहुंचकर भारतीय संस्कृति और यहां की गहन आध्यात्मिकता के बारे में छोटी-छोटी घटनाओं से बड़ी सीख दे दिया करते थे। एक बार वह किसी देश में भ्रमण करते हुए वह एक पुल के नजदीक रुक गये। उन्होंने देखा कि पुल पर खड़े कुछ युवक नदी में तैर रहे अंडों के छिलकों पर बंदूक से निशाना लगाने का अभ्यास कर रहे थे। ऐसा करते हुए वे आमोद-प्रमोद भी कर रहे थे। उनमें एक अघोषित प्रतियोगिता चल रही थी कि कौन सही निशाना लगाता है। किसी भी युवक का निशाना सही नहीं लग रहा था। स्वामी विवेकानन्द उन युवकों के बीच गए। उन्होंने एक युवक से बंदूक ली और निशाना लगाने लगे। उन्होंने अंडे के छिलकों पर पहला निशाना लगाया और वह बिलकुल सही लगा। फिर एक के बाद एक, उन्होंने कुल दस निशाने लगाए और सभी बिलकुल सटीक लगे। यह देख वहां उपस्थित युवक हैरान रह गए। उन्होंने पूछा, 'स्वामीजी, भला आप ये कैसे कर लेते हैं? आपके सारे निशाने बिलकुल सटीक लग गए। आपने यह कला कहां सीखी?' स्वामी जी बोले, 'जिंदगी में असंभव कुछ भी नहीं है, लेकिन असंभव को संभव बनाने के लिए एकाग्रता, तन्मयता और पुरुषार्थ की जरूरत होती है। तुम भी मेरी ही तरह हर निशाना सफलतापूर्वक लगा सकते हो, लेकिन इसके लिए तुम्हें एकाग्र होना होगा, अपना पूरा ध्यान निशाने पर केंद्रित करना होगा। दिमाग को उस समय उसी एक काम, यानी निशाने पर लगाना होगा। अगर तुम किसी चीज पर निशाना लगा रहे हो तो तुम्हारा पूरा ध्यान सिर्फ अपने लक्ष्य पर होना चाहिए। तब तुम अपने लक्ष्य से कभी चूकोगे नहीं और तुम्हारा हर वार सफल होगा। हमारे भारत में यही शिक्षा दी जाती है, बच्चों को यही पढ़ाया जाता है।'



# महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में मतदान के लिए स्वीप गतिविधियों का आयोजन



**-पाठकपक्ष न्यूज-**

**हिसार, 11 अप्रैल :** भिवानी रोहिल्ला स्थित महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में उपायुक्त व जिला निर्वाचन अधिकारी, हिसार के निर्देशानुसार मतदान के लिए स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी के मद्देनजर आज मताधिकार के प्रयोग के प्रति छात्राओं को जागरूक करने के लिए एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान में मुख्य वक्ता के तौर पर महाविद्यालय की लोक प्रशासन प्राध्यापिका बिमला उपस्थित हुई। उन्होंने छात्राओं को बताया कि मतदान केंद्र पर मतदान के लिए पहचान पत्र की आवश्यकता होती हैं। हमें अपने मताधिकार के बारे में अपने अपने गांवों में आस पास के लोगों के अंदर जागरूकता लाने की आवश्यकता है। इस अवसर पर महाविद्यालय चेयरमैन श्री भारत भूषण प्रधान ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाने एवं राष्ट्र के प्रति अपने कर्त्तव्यों को निभाने का संकल्प लेना चाहिए। इसलिए सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए ताकि एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण किया जा सके। महाविद्यालय डायरेक्टर डॉ नीलम प्रभा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कहा कि आगामी चुनावों में हमें अपने मताधिकार का प्रयोग करके लोकतंत्र को मजबूत बनाना हैं। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ शमीम शर्मा ने कहा कि मतदान की ताकत हमें हमारे संविधान से मिलती है, यह सभी भारतीय नागरिकों का संवैधानिक अधिकार है। सभी को मतदान जरूर करना चाहिए।

# कथा से समाप्त हो जाती है जीवन की व्यथा : पं. प्रहलाद मिश्र

## नवरात्रों पर गीता भवन में रामचरितमानस-प्रवचन का दूसरा दिन



**-पाठकपक्ष न्यूज-**

**हिसार, 11 अप्रैल :** आध्यात्मिक गीता ज्ञान प्रचारिणी सभा के संस्थापक ब्रह्मलीन डॉक्टर बृज मोहन फिदा जी महाराज के आशीर्वाद से रामपुरा मौहल्ला स्थित गीता भवन में चैत्र नवरात्रों के उपलक्ष में चल रहे रामचरितमानस-प्रवचन व संकीर्तन के दूसरे दिन श्रद्धालुओं को प्रवचन देते हुए अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास श्रीधाम अयोध्या से आये पं. प्रहलाद मिश्र, रामायणी ने कहा कि भगवान की कथा से जीवन की व्यथा समाप्त हो जाती है। संसार का प्रत्येक प्राणी किसी न किसी रुप में व्यथित अवश्य होता है। परमात्मा बड़ा ही कुशल सारथी है, इसलिये जीवन रुपी महाभारत संग्राम में विजेता होना चाहते हो तो अपने शरीर रुपी रथ का चालक भगवान को बना लेना चाहिये। उन्होंने पावन नवरात्रों की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इन दिनों नौ देवियों की पूजा-अर्चना करने से हमें जीवन में सुख-शांति मिलती है। घर-परिवार में किसी चीज की कमी नहीं रहती। मनुष्य का भाग्य संवर जाता है। सत्संग कीर्तन के दौरान भजन गायक सुमित मित्तल, राधिका शर्मा व शुभम अरोड़ा ने भजनों की वर्षा की। इससे पूर्व मंदिर प्रांगण में पहुंचने पर कथा व्यास प्रहलाद मिश्र का फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया गया। सत्संग सभा में सभा की प्रधान उषा बक्शी, महामंत्री दयानंद बंसल, नंदलाल धमीजा, धर्मबीर, ईश्वर सिंगला, गंगाधर पाल, रामशरण दास भुटानी, सुषमा मदान, राज रानी गुप्ता, सुरेश नागपाल, वीना बंसल, रेखा बंसल सहित अनेक श्रद्धालु भी उपस्थित रहे। संस्था की प्रधान उषा बक्शी ने बताया कि 16 अप्रैल तक नित्य प्रति सायं 4 से 6:30 बजे तक प्रवचन होंगे। 17 अप्रैल को सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक भजन संकीर्तन होगा तथा रामायण पाठ का भोग डाला जाएगा।

# समिति द्वारा खालसा का 325वां सृजना दिवस 14 अप्रैल को मनाया जाएगा

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 अप्रैल :** प्रबंधक कमेटी बाबा जमनीदास पंचायती गुरुद्वारा सेवा समिति द्वारा बैसाखी के पावन पर्व पर खालसा का 325वां सृजना दिवस हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े हर्षोल्लास के साथ स्थानीय पटेल नगर आठ मरला कालोनी में स्थित गुरुद्वारा में मनाया जाएगा। कमेटी के प्रधान हरमिंन्द्र सिंह,महासचिव भूपेंद्र पाहवा ने बताया कि प्रातः 8 बजे गुरुद्वारा साहिब में श्री सुखमणी साहिब के पाठ किए जाएंगे। इसके अलावा गुरुघर से जुड़ी बीबीयों द्वारा गुरुबाणी के मधुर शब्दों से उपस्थित संगतों को मंत्रमुग्ध किया जाएगा। सुबह 11 बजे सरबत की भलाई के लिए अरदास के उपरांत। सेवादारों द्वारा उपस्थित संगतों के बीच गुरु का अटूट लंगर बरताया जाएगा।

# पूर्व मंत्री सैनी के निधन पर सजग की सभी संस्थाओं ने गहरा शोक प्रकट किया

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 अप्रैल :** पूर्व मंत्री हरियाणा, प्रधान आर्य समाज एवं सजग के संरक्षक सदस्य चौधरी हरि सिंह सैनी के निधन पर सजग व इससे जुड़ी सभी संस्थाओं ने गहरा शोक प्रकट किया है। सजग, यज्ञ-हवन विश्व कल्याण, हरियाणा अग्रवाल विकास संगठन, संयम, सेवा फाउंडेशन संस्थाओं के सत्य पाल अग्रवाल, सत्य प्रकाश आर्य, मनीराम गोयल, प्रेम गर्ग, देवी राम जिंदल, देवेंद्र रोहिल्ला, संजय गर्ग, गोपाल मितल, दुनीचंद गोयल, अनिल सिंगला, अशोक गर्ग, सुशील गर्ग ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि हमने अपना मार्गदर्शक खो दिया है। आर्य समाज से जुड़े सजग प्रदेशाध्यक्ष वास्तु आर्किटेक्ट सत्य पाल अग्रवाल ने अपने पारिवारिक संबंध व प्रेरणा स्त्रोत का हवाला देते हुऐ व दुख व्यक्त करते हुए कहा है कि चौधरी हरि सिंह सैनी का निधन व्यक्तिगत तौर पर तथा समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।

# साइकलिंग क्लब हिसार रोडीस ने देवी भवन मंदिर में दर्शन करके अपने नवरात्रि राइड अभियान जारी रखा

**-पाठकपक्ष न्यूज-**

**हिसार, 11 अप्रैल :** नवरात्रि के दूसरे दिन बुधवार को हिसार के साइकलिंग क्लब हिसार रोडीस ने देवी भवन मंदिर में दर्शन करके अपने नवरात्रि राइड अभियान को चालू रखा। अभियान की शुरुआत राजगढ़ रोड से की हुई और यहां से एकत्रित होकर सभी साइकिलिस्ट 40 किलोमीटर की यात्रा पूरी करने के बाद देवी भवन मंदिर पहुंचे। देवी भवन प्रबंधक विपिन गोयल ने हिसार रोडीज के सभी सदस्यों को माता के दर्शन करवाए और पूजा अर्चना करवाई। क्लब के पदाधिकारी डॉक्टर अरुण कुमार अग्रवाल ने बताया कि 40 किलोमीटर राइड में उनके अलावा मनोज गुप्ता, अंकित जैन, तुषार गुप्ता, डॉक्टर नीरव जैन, गौरव, पुनीत, माहिर, रमन, सुभाष, गुरदीप और पवन मीणा ने हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि 9 दिन तक चलने वाले इस अभियान में हर रोज अलग-अलग साइकिलिस्ट भाग लेंगे और अपने शरीर के स्वास्थ्य और भगवान की भक्ति में सामंजस्य बैठाएंगे।





# जीएसटी से जहां सरकार का राजस्व कई गुना बढा वहीं व्यापार करने वालों को सहूलियत हुई : मनोहर लाल

## भाजपा राज में देश व प्रदेश में चहुंमुखी प्रगति हुई : डॉ. कमल गुप्ता





-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 11 अप्रैल :** पिछ्ले 10 वर्षों में केंद्र व प्रदेश सरकार ने राष्ट्रीय जनजीवन में अमूल -चूल परिवर्तम हुए है। समाज को सुखी करने के लिए अनेको योजनाओं को क्रियान्वित करने का काम किया गया है । यह बात विगत दिवस सेक्टर -14 स्थित पंजाबी भवन में आयोजित व्यापार संगोष्ठी में व्यापारियों को संबोधित करते हुए प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कही। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, हिसार के लोकसभा प्रत्याशी रंजीत सिंह चौटाला, पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल, पूर्व राज्य सभा सदस्य डीपी वत्स, पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल, राष्ट्रीय मंत्री मंत्री सरदार मानोंदिर सिंह सिरसा विधायक विनोद भयाना, लोकसभा चुनाव संयोजक रवि सैनी, जिला अध्यक्ष आशा खेदड़, प्रदेश सचिव भूपेंद्र वीर चक्र पूर्व मेयर गौतम सरदाना, पूर्व मेयर शकुन्तला राजलीवाला, जगदीश जिंदल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

पूर्व मुख्य मंत्री ने कहा कि सात वर्ष पूर्व जब जीएसटी लागू हुआ था व्यापारी असमंजस की स्थिति में थे, परंतु उसके बाद इसके सुखद परिणाम सामने आए हैं। जहां सरकार के राजस्व में कई गुना वृद्धि हुई है वहीं व्यापारियों को व्यापार करने में काफी सहूलियत हुई है। राजस्व बढ़ने के साथ ही पूरे देश मे विकास कार्यों में जबरदस्त तेजी आई है। जनता के पैसे का सही सही सदूपयोग हो रहा है। जनता के जीवन स्तर में सुधार हुवा है।भाजपा की संस्कृति हमेशा से त्यागमय रही है। पार्टी में दूसरी पार्टियों की तरह महत्वकांक्षा की लड़ाई नही है। सैंकड़ों प्रकार की जनसेवाए ऑन लाइन की गई है जिससे जनता का पैसा और समय बचा है। सेवाओ में गुणात्मक सुधार हुआ है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंगल विंडो सिस्टम से हरियाणा की प्रगति हुई है। राज्य के पांच बड़े शहरों में महानगर विकास प्राधिकरण बनाए गए है जिनमे हिसार नगर भी शामिल किया गया है इससे नगरों के विकास में बहुत तेजी आएगी। महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डा का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है अगले कुछ दिनों में दूसरे शहरों के लिए उड़ाने शुरू हो जाएगी। हवाई यात्रियों को बड़ा फायदा यह होगा कि यात्रा व्यय में भारी बचत होगी। अग्रोहा टीले की खुदाई का काम शुरू किया गया है। वहां प्राप्त अवशेषों से भारत की उन्नत प्राचीन संस्कृति की जानकारी प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि किसी समय अग्रोहा देश का बड़ा व्यापारिक केंद्र रहा है। हिसार के पास ही ग्लोबल सिटी बनाने की योजना विचाराधीन है। हिसार शहर विश्व के मान चित्र पर एक अग्रणी शहर होगा।भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए मोदी के हाथ और अधिक मजबूत करने होंगे। इसके लिए हिसार लोकसभा चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार चौधरी रंजीत सिंह चौटाला को भारी बहुमत से जीता कर भेजें।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि भाजपा की तीसरी बार सरकार बनने पर पाक अधिकृत कश्मीर का 78000 वर्ग किलोमीटर का क्षेत्र भारत मे शामिल किया जाएगा। धारा 370 को भाजपा सरकार ने समाप्त किया। पुलवामा, उरी पलवां घाटी का बदला पाक में घुस कर मोदी सरकार ने लिया। श्री राम जन्म भूमि मंदिर निर्माण का श्रेय मोदी सरकार को है। उन्होंने कहा कि मुख्य मंत्री रहते मनोहर लाल ने हमे शहर के विकास कार्यों के लिए प्रोत्साहित किया यही कारण है कि हम शहर में अनेकों विकास कार्य करवा पाए 2014 के बाद रेलवे वाशिंग यार्ड, वाटर वर्क्स, एसटीपी प्लांट, शहर की सभी सड़को गलियों का पुर्ननिर्माण, ओवर ब्रिज अंडर ब्रिज, तिरँगा लाइटिंग, पार्को का शोन्दर्यीकर्ण ओर भी अनेको ऐसे कार्य जो हरियाणा की स्थापना के बाद नही हुए थे। मीडिया प्रभारी सुरेश गोयल धूप वाला ने बताया कि इस अवसर पर पार्टी के लोक सभा उम्मीदवार रणजीत सिंह चौटाला, पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल, प्रदेश सचिव भूपेंद्र वीरचक्र मेयर गौतम सरदाना, लोकसभा संयोजक रवि सैनी ने भी सम्बोधित किया व भाजपा प्रत्याशी को भारी मतों से जिताने की अपील की।

# राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों तथा निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों की मतदान केंद्रों के भवन परिवर्तन बारे बैठक आयोजित



-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 11 अप्रैल :** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप दहिया की अध्यक्षता में बुधवार को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों तथा निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों के साथ मतदान केंद्रों के भवन परिवर्तन के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया।

उन्होंने बताया कि 49-नारनौंद विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र 219 आंगनवाड़ी केन्द्र सिंघवा खास मतदान केन्द्र की नई इमारत बन जाने के कारण मतदान केंद्र को नई इमारत में बदला जाना, 50-हांसी विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र 91 पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस हांसी में उचित अवसंरचना न होने के कारण राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हांसी में बदला जाना, मतदान केंद्र 92 जाट धर्मशाला हांसी में उचित अवसंरचना न होने के कारण राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हांसी में बदला जाना, मतदान केंद्र 92 (क) जाट धर्मशाला हांसी में उचित अवसंरचना न होने के कारण राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हांसी में बदला जाना प्रस्तावित है।

इसी प्रकार 53-नलवा विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र 46 पंचायती भगीरथ धर्मशाला समिति पटेल नगर (उतरी कक्ष) हिसार को राजकीय सीनियर सैकण्डरी स्कूल, पटेल नगर हिसार (स्टाफ रूम) में बदला जाना, मतदान केंद्र 47 पंचायती भगीरथ धर्मशाला समिति पटेल नगर (पश्चिमी कक्ष) हिसार को राजकीय सीनियर सैकण्डरी स्कूल पटेल नगर हिसार (गृह विज्ञान प्रयोगशाला) में बदला जाना, मतदान केंद्र 72 पटवार ट्रेनिंग स्कूल का हॉस्टल, राजगढ़ रोड़ (दक्षिणी कक्ष) हिसार तथा मतदान केंद्र 74 पटवार ट्रेनिंग स्कूल को को लीडिंग सीनियर सैकण्डरी स्कूल, (उतरी कक्ष) आजाद नगर गंगवा रोड, हिसार में बदला जाना, मतदान केंद्र 130 राजकीय कन्या प्राइमरी स्कूल मंगाली अकलान (पूर्वी कक्ष) को राजकीय कन्या सीनियर सैकण्डरी स्कूल, मंगाली अकलान (पूर्वी कक्ष) में बदला जाना, मतदान केंद्र 131 राजकीय कन्या प्राइमरी स्कूल मंगाली अकलान (मध्य कक्ष) को राजकीय कन्या सीनियर सैकण्डरी स्कूल, मंगाली अकलान (मध्य कक्ष) में बदला जाना तथा मतदान केंद्र 132 राजकीय कन्या प्राईमरी स्कूल मंगाली अकलान (पश्चिमी कक्ष) को राजकीय कन्या सीनियर सैकण्डरी स्कूल, मंगाली अकलान (पश्चिमी कक्ष) में बदला जाना प्रस्तावित है।

# शिक्षा की गाड़ी का इंजन तो चालू है, पर ड्राइवर गायब हैं : कुमारी सैलजा

### जुमलेबाज सरकार का अंत आ चुका है, देश की जनता अब एक-एक जुमले का हिसाब लेगी



-पाठकपक्ष न्यूज-

**चंडीगढ़, 11 अप्रैल :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी एवं कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा सरकार की रैलियों में शिक्षा के नाम पर बड़े-बड़े जुमले दिए जाते हैं। पर जमीनी हकीकत अलग है, कुछ जिलों के स्कूलों में कोई शिक्षक नहीं हैं, नूंह में 197 शिक्षकों के तबादले के बाद कोई टीचर न मिलना यह दर्शाता है कि शिक्षा की गाड़ी का इंजन तो चालू है, पर ड्राइवर गायब है। इस जुमलेबाज सरकार का अंत समय आ चुका है, देश की जनता अब एक-एक जुमले का हिसाब लेगी। मीडिया को जारी एक बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने शिक्षा का बेड़ागर्क करके रख दिया है, शिक्षा को निजी हाथों में सौंपने की साजिश की जा रहा है, सरकारी स्कूलों में सुविधाएं रोकी जा रही है, नियुक्तियों पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ये सरकार गरीबों से शिक्षा का हक छीनने में लगी हुई है। अगर ऐसे ही हालात रहे तो गरीब का बच्चा स्कूल जाने का सपना भी नहीं देख पाएगा। चुनाव आयोग की मंजूरी के बाद सरकार ने शिक्षकों के तबादले किए है, ऐसे में पांच जिलों के 64 स्कूलों में शिक्षकों के समीकरण ही बिगड़ गए है, करनाल के असंध में सात, नीलोखेड़ी में तीन स्कूलों में कोई शिक्षक ही नहीं रहा, सरकार ने बच्चों के भविष्य पर तलवार लटका दी है। झज्जर के 30 स्कूलों में एक एक टीचर है, गुरुग्राम और कुरुक्षेत्र में ऐसे अनेक स्कूल है जहां पर एक भी टीचर नहीं है अगर है तो एक ही हैं। उन्होंने कहा है कि सिरसा जिला के 60 स्कूलों में टीचरों की संख्या 20 प्रतिशत कम हो गई हैं। रेवाड़ी और हिसार में हालात ये है कि वहां के स्कूलों में टीचरों की संख्या 50 प्रतिशत से कम हैं। जब स्कूलों में टीचर ही नहीं होंगे तो बच्चों को पढाएगा कौन। बच्चे देश का भविष्य होते है, उन्हें शिक्षा प्रदान की देश का अच्छा नागरिक बनाया जाता है पर सरकार तो उनके भविष्य पर ही तलवार लटका रही है। सरकार का शिक्षा के प्रति रवैया यह दर्शाता है कि शिक्षा की गाड़ी का इंजन तो चालू है, पर ड्राइवर गायब है। इस जुमलेबाज सरकार का अंत समय आ चुका है, देश की जनता अब एक-एक जुमले का हिसाब लेगी।

# सेक्टर 15- ए हिसार के हेरिटेज पार्क में भारतीय योग संस्थान का स्थापना दिवस मनाया गया




-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 11 अप्रैल :** विगत दिवस सेक्टर 15-ए, हिसार के हेरिटेज-पार्क में भारतीय योग संस्थान का स्थापना दिवस बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना एवं गायत्री मंत्र से हुआ। मंच संचालन श्रीमती सुनीता बहल ने किया। योग-साधना के इस कार्यक्रम में श्री अशोक गोयल, डॉ. सुरेन्द्र बहल श्रीमती सुनीता बहल, डॉ कमलेश कुकरेज़ा, डॉ पुष्पा खरब, श्रीमती मंजू अरोड़ा और श्री रामेश्वर गोदारा ने साधकों को विभिन्न योगासनों का अभ्यास करवाया और साधकों को योग के लिए प्रेरित किया। डॉ. पुष्पा खरब एवं कमलेश कुकरेजा ने दो प्रभु भक्ति - गीत 'मुझे तूने दाता बहुत कुछ दिया है' शूकर दातिया तेरा शूकर दतिया ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। भारतीय योग संस्थान, हिसार इकाई के प्रधान श्री सुरेश जांगड़ा ने योग के लाभ, संस्थान का महत्व एवं योग मंजरी के विषय में विस्तारपूर्वक वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भारतीय योग संस्थान ने भारतीय संस्कृति की महान मानवतावादी देन 'वसुदैव कुटुम्कम' को अपनाया है। विश्व में सब सुखी हो, निरोग एवं शांति को आधार मानकर स्वर्गीय श्री प्रकाश लाल जी ने आज के दिन 1967 को भारतीय योग संस्थान की दिल्ली में स्थापना की। उनके अथक प्रयास से आज भारतीय योग संस्थान द्वारा देश- विदेश में 4500 से अधिक योग केंद्र चलाए जा रहे हैं। डॉ. जेके डांग ने अपने अध्यक्षीय भाषण में साधकों को संबोधित करते हुए कहा कि योग एक आध्यात्मिक प्रक्रिया है। मन को शब्दों से मुक्त करके अपने आपको शांति और रिक्तता से जोड़ना ही योग है। योग से मन की शान्ति, तनाव मुक्त जीवन, शरीर की थकान और रोग मुक्त शरीर होता है। डॉ. डाँग ने श्री सुरेश जांगड़ा एवं भिन्न- भिन्न पार्कों से आए सब साधकों का आभार व्यक्त किया और धन्यवाद किया। उन्होंने साधकों से निवेदन किया कि अपने साथ और साथियों को योग से जोड़ें। शान्ति पाठ एवं प्रसाद वितरण के साथ स्थापना दिवस समारोह का समापन हुआ । इस समारोह में 40- से अधिक साधकों ने भाग लिया।

### केवाईसी ऐप से मतदाता देखें अपने उम्मीदवार की प्रोफाइल

# नो योर कैंडिडेट (केवाईसी) ऐप गूगल प्ले स्टोर या एप्पल स्टोर से करें डाउनलोड

-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 11 अप्रैल :** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप दहिया ने कहा कि लोकतंत्र में मतदाता सर्वोपरि होता है और मतदाता को सशक्त बनाने के लिए चुनाव आयोग ने तकनीक के युग में बड़े कदम उठाए हैं। चुनाव में मतदाता अपने लोकसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं की प्रोफाइल से अवगत हों, इसके लिए आयोग ने स्पेशल केवाईसी (नो योर कैंडिडेट) एप की शुरुआत की है, जिसके मतदाता चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के नामांकन में दर्ज जानकारी को देख सकते हैं। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा जारी ऐप के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए स्वीप गतिविधियों को संचालित किया जा रहा है। आयोग द्वारा केवाईसी ऐप शुरू की गई है, जो चुनाव प्रक्रिया में काफी अहम रोल रखती है। इस ऐप के जरिये कोई भी व्यक्ति स्वयं के लोकसभा क्षेत्र ही नहीं बल्कि समूचे भारत की लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के नामांकन पत्र देख सकता है। इसके अलावा उम्मीदवारों द्वारा नामांकन में दर्ज की गई विस्तृत जानकारी इस ऐप के माध्यम से देखी जा सकती है। नो योर कैंडिडेट (केवाईसी) नाम की यह ऐप गूगल प्ले स्टोर या एप्पल स्टोर से फ्री में डाउनलोड की जा सकती है। इस ऐप पर उम्मीदवार का नाम, पिता/पति, पार्टी, उम्र, लिंग, पता, राज्य, विधानसभा/लोकसभा की जानकारी मेन डिस्प्ले में दिखाई देती है। इसके साथ ही उम्मीदवार द्वारा नामांकन के दौरान दिया गया हलफनामा इस ऐप में अपलोड किया जाता है। मतदाता सीधे उम्मीदवार के हलफनामे में दी गई जानकारी प्राप्त सकते हैं। इसके अलावा ऐप पर चुनाव के दौरान सभी नामांकन, स्वीकार नामांकन, निरस्त हुए नामांकन और नाम वापस लेने वाले प्रत्याशियों की भी जानकारी देखी जा सकती है।

# लुवास में मनाई गई डॉ. भीम राव अंबेडकर की 134वीं जयंती



-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 11 अप्रैल :** लुवास नॉन टीचिंग एसोसिएशन द्वारा एसोसिएशन के कार्यालय में डॉ. भीम राव अंबेडकर जी की 134वीं जयंती मनाई गई, जिसमें डॉ. पवन कुमार निदेशक छात्र कल्याण सह संपदा अधिकारी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। इस अवसर पर निदेशक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि बाबा साहब भारत के संविधान निर्माता थे वे एक महान चिन्तक, समाज सुधारक, कानून विशेषज्ञ, आर्थिक विशेषज्ञ, बहुभाषी वक्ता थे और उन्होंने जीवन भर गरीबों के उत्थान के लिए परिश्रम किया। उसके उपरांत लुवासन्टिया प्रधान दयानंद सोनी ने बाबा साहब की जीवनी पर प्रकाश डाला और बताया कि बाबा साहब ने हमेशा समानता कि बात करी चाहे व मानवों के बीच समानता हो या कानून के समक्ष समानता की बात हो। कार्यक्रम के अंत में उप-प्रधान अमित गुर्जर ने सभी कर्मचारी साथियों का कार्यक्रम में पहुँचने पर धन्यवाद किया इस अवसर पर कुलदीप सैनी सेक्रेटरी, शैलिंदर गुर्जर प्रचार सचिव, सतीश कुमार केशियर, मनीषा रानी ऑडिटर, सतीश कुमार असिस्टेंट रजिस्ट्रार आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मेहनत व अनुशासन के आह्वान के साथ नौवीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों की निशुल्क पढ़ाई शुरू



-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 11 अप्रैल :** जैन महावीर चैरिटेबल फ्री स्टडी सेंटर द्वारा नए सत्र में नौवीं से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों की निशुल्क पढ़ाई शुरू कर दी गई है। नवोदित विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत करने व अनुशासन बनाए रखने का आह्वान किया गया। हाल ही में निशुल्क पढ़ाई के लिए तीन चरणों में जेएमसी निशुल्क प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में सरकारी व निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बिमल सरोज चैरिटेबल सोसायटी के ट्रस्टी राजेंद्र प्रसाद जैन व जेएमसी फ्री स्टडी सेंटर की निदेशक मनीषा जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि सभी शैक्षणिक सेवा कार्य नई दिल्ली की बिमल सरोज चैरिटेबल सोसायटी के अध्यक्ष बिमल प्रसाद जैन की रचनात्मक सोच के चलते क्रियान्वित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि बालसमंद रोड पर रावलवासिया धर्मशाला के पास स्थापित जेएमसी सेंटर में बच्चों को अनुभवी व प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा निशुल्क पढ़ाया जाता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को निशुल्क पढ़ाने के साथ-साथ सरकारी विद्यालयों में लाइब्रेरी की स्थापना, शेड का निर्माण, टॉयलेट का निर्माण व वाटर कूलर की स्थापना में भी जेएमसी फ्री स्टडी सेंटर का विशेष योगदान है। सर्दी में सरकारी विद्यालयों के जरूरतमंद बच्चों को जर्सी व जूते भी निशुल्क उपलब्ध करवाए जाते हैं।



# फतेहचन्द महिला महाविद्यालय ने स्वीप जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में बाजी मारी



-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 11 अप्रैल :** सीसीएस, एचएयू, हिसार में स्वीप जिला स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन जिला चुनाव प्रशासन के माध्यम से करवाया गया। कार्यक्रम में सीएमजीजीए, हिसार श्रीमती मनीषा मलिक, श्री अर्पित सिंगल (आईएएस अंडर ट्रेनिंग) तथा कई वरिष्ठ अधिकारियों ने शिरकत की। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों से 91 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। फतेहचन्द महिला महाविद्यालय की भारती तथा स्वीटी ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली बनाओ प्रतियोगिता में दिव्या तथा अंशिका क्रमशः प्रथम तथा द्वितीय रही। पेंटिंग प्रतियोगिता में शिवानी प्रथम तथा स्लोगन लेखन में ज्योति द्वितीय रही। जिला स्तरीय कुल 6 प्रतियोगिताओं के 18 पुरस्कारों में 6 पुरस्कार फतेहचन्द महिला महाविद्यालय के खाते में जीत के रूप में दर्ज हुए। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनिता सहरावत ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा नोडल अधिकारी डॉ. पीयूषा शर्मा तथा छात्राओं को बधाई दी।

# राजेश हिन्दुस्तानी अनेक धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में शामिल हुए





-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 11 अप्रैल :** जागो मानव-बनो इंसान संस्था के अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता गंगापुत्र राजेश हिन्दुस्तानी शहर में आयोजित विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों में शामिल हुए और वहां पर लोगों को राष्ट्र व समाज की सेवा के प्रति प्रेरित किया। हिंदुस्तानी ने रामपुरा मोहला स्थित अपने निवास पर दीपक जलाकर हिंदू नव वर्ष मनाया तथा देश व दुनिया के लिए भगवान से सुख शांति समृद्धि की प्रार्थना की। उन्होंने लोगों को हिसार में हिंदू नव वर्ष की बधाई दी। काफी लोगों को इस बारे में पता नहीं था तो उन्हें इस बारे बता कर जागरूक किया कि हजारों वर्षों से यह सनातन धर्म में मनाया जाता है सृष्टि की रचना से लेकर अनेक प्रसंग इस दिन से जुड़े हैं। उन्होंने हिंदू नववर्ष पर माताओं, बहनों सहित सभी को बधाई व शुभकामनाएं दी वे गीता भवन पार्क में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। वहीं बुधला संत मंदिर में साध्वी करुणागिरी को समिति सदस्यों ने हिंदुस्तानी की निस्वार्थ जनसेवा तथा 5000 दिनों से तिरंगा हाथ में उठाए रखने के बारे में बताया तो उन्होंने हिंदुस्तानी की प्रशंसा करते हुए इसे राष्ट्रसेवा के लिए उनकी महान तपस्या बताया। राजेश हिन्दुस्तानी श्री पंचमुखी बालाजी धाम में आयोजित कार्यक्रम में भी पहुंचे और श्री हनुमान जी के चरणों में शीश नवाया।

# हरियाणा कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग ने मनाया विधायक शंकुतला खटक का जन्मदिन



-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 11 अप्रैल :** कलानौर से लगातार तीसरी बार की विधायक श्रीमती शंकुतला खटक का जन्मदिन हरियाणा कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश सचिव सम्पत खटक ने अपनी टीम के साथ रोहतक स्थित आवास पर कैक काट कर मनाया ओर विधायक श्रीमती शंकुतला खटक को जन्मदिन की बधाई दी। सम्पत खटक ने कहा की जब कांग्रेस की सरकार थी तब विधायक श्रीमती शंकुतला खटक ने हल्का कलानौर में अनेक विकास कार्य करवाए अनेक युवाओं को रोजगार दिलवाए, उनके कार्य को देखकर कलानौर की जनता ने विधायक जी को लगातार तीसरी बार विधायक बनाया। सम्पत खटक ने कहा की विधायक श्रीमती शंकुतला खटक जी सब के साथ मिलनसार हैं इसी के कारण वे सिर्फ कलानौर ही नहीं बल्कि पूरे हरियाणा प्रदेश में लोकप्रिय नेत्री हैं। सम्पत खटक के साथ उकलाना हल्के से रविन्द्र स्वामी, अंकूश डूडी, रणधीर नागर, बजरंग सोलंकी, राममेहर चोहान आदि साथी उपस्थित थे।

Read, Watch & Subscribe
दैनिक पाठकपक्ष
डिजिटल व प्रिन्ट
SUBSCRIBE
LIKE & SHARE
Facebook.com/PathakPaksh
Youtube/PathakPaksh
M : 98120-32700, 9255273410, 9896472584, 9991610417

# लोकसभा चुनाव में सर्विस/स्पेशल वोटर, चुनाव ड्यूटी व जरूरी सेवाओं में लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों, कोविड पॉजिटिव मरीजों के मतदान पर रहेगा फोकस

## 85 वर्ष से अधिक के वरिष्ठजनों व दिव्यांग मतदाताओं को घर से मतदान का मिलेगा मौका



-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 11 अप्रैल :** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त प्रदीप दहिया ने लोक सभा आम चुनाव को लेकर बुधवार को सहायक रिटर्निंग अधिकारियों, सभी नोडल अधिकारियों व विभागाध्यक्षों की बैठक ली। बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे भारतीय निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार सर्विस/स्पेशल वोटर, चुनाव ड्यूटी व जरूरी सेवाओं वाले विभागों के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों, कोविड पॉजिटिव मरीजों, सुरक्षा के दृष्टिगत/निवारक हिरासत में रखे गए लोगों, 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों व 40 से अधिक के प्रतिशतता वाले दिव्यांग मतदाताओं के मतदान को सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कदम उठाएं।

उन्होंने कहा कि सर्विस वोटर और उनकी पत्नियों को बिना पोलिंग बूथ पर जाए ही अपना वोट डालने का अधिकार है। मुख्य तौर पर सेना या फिर अर्धसैनिक बलों के लिए यह व्यवस्था की गई है। इसके अलावा जिन सरकारी कर्मचारियों की वोटिंग के दौरान किसी और जगह ड्यूटी होती है, वो भी चुनाव ड्यूटी प्रमाण पत्र व निर्धारित फार्म भरकर अपने मत का प्रयोग करते हैं। इसी प्रकार से 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों, 40 से अधिक के प्रतिशतता वाले दिव्यांग मतदाताओं और कोविड पॉजिटिव मरीजों को घर से ही मतदान करने का विकल्प दिया गया है। मतदाता के सहमति देने के उपरांत ही मतदान की व्यवस्था के लिए टीम का गठन किया जाएगा, जो उनसे घर जाकर मतदान करवाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप दहिया ने बताया कि भारतीय निर्वाचन आयोग ने इस बार ऐसे मतदाताओं को भी पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करने का अवसर दिया है, जिनकी ड्यूटी आवश्यक सेवाओं में लगी है। ऐसे मतदाता फार्म 12 डी भरकर अपना मतदान कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि हरियाणा में ऐसे मतदाताओं की 29 श्रेणियां बनाई गई हैं। इनमें मैट्रो, रेलवे, बिजली विभाग, बीएसएनएल, पोस्ट एवं टेलिग्राम, दुग्ध युनियन व दुग्ध सहकारी समितियां, स्वास्थ्य, एफसीआई, उड्डयन, सड़क यातायात निगम, फायर, ट्रैफिक तथा एंबुलेंस सेवाएं, जेल, आबकारी, जलापूर्ति, वन, पुलिस, गृह रक्षी, खाद्य आपूर्ति, ऊर्जा, लोक निर्माण, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, पीआईबी, दूरदर्शन, आकाशवाणी तथा चुनाव आयोग से अथोराइजेशन पत्र प्राप्त पत्रकार इत्यादि श्रेणियों को यह सुविधा दी गई है। इस श्रेणियों के मतदान के लिए जल्द ही नोडल अधिकारी नियुक्त कर दिए जाएंगे। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त नीरज, मंडलायुक्त कार्यालय की विशेष कार्याधिकारी शालिनी चेतल, सभी एसडीएम, सीटीएम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# श्री पंचमुखी बालाजी धाम चौधरीवास में रजत जयंती अमृत महोत्सव मेला 23 अप्रैल को

## हरियाणा में पहली बार श्री काली कंबल वाले बाबा का निः शुल्क विशाल रोगनिवारक स्वास्थ्य शिविर 13 से

### सवालाख संगीतमय श्री हनुमान चालीसा एवं श्री दुर्गा सप्तसति नवचंडी अनुष्ठान हर्षोल्लास के साथ आगाज

-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 11 अप्रैल :** गांव चौधरीवास स्थित श्री पंचमुखी बालाजी धाम में सवालाख संगीतमय श्री हनुमान चालीसा एवं श्री दुर्गा सप्तसति नवचंडी पाठ अनुष्ठान माता जी के पावन जयकारों के साथ बड़े ही हर्षोल्लास के साथ आगाज हुआ जो कि 17 अप्रैल तक चलेगा। श्री पंचमुखी हनुमान जी व परम पूज्य ब्रह्मलीन गुरुवर श्री गोपीराम जोशी व श्री पवन कुमार जोशी के आशीर्वाद से चैत्रसुदी पूर्णिमा श्री हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर आगामी 23 अप्रैल मंगलवार को विशाल मेला आयोजित किया जा रहा है।

धाम के मुख्य पुजारी मोनू भाईजी ने श्री पंचमुखी बालाजी धाम में होने वाले कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि धाम में नवरात्रि का कार्यक्रम प्रारंभ हो चुका है। 17 अप्रैल(रामनवमी)से 23 अप्रैल तक सप्तदिवसीय नव कुण्डीय श्री मारूति महायज्ञ होगा। 22 अप्रैल को सामूहिक संगीतमय श्री सुंदरकाण्ड पाठ प्रातः 10 बजे एवं श्री बाला जी महाराज का दुग्धाभिषेक, चोला एवं स्वर्ण श्रृंगार सायं 4.00 बजे किया जाएगा। 23 अप्रैल मंगलवार धाम के रजत जयंती अमृत महोत्सव के अवसर पर यात्रियों द्वारा मनोकामना हेतु सामूहिक दरखास्त व अर्जी प्रातः 9 बजे होगी। पूरे कार्यक्रम में अखण्ड भण्डारा चलता रहेगा। धाम के रजत जयंती पूर्णिमा महाआरती (बनारस गंगा आरती के ब्राह्मणों द्वारा) सायं 7.00 बजे एवं छप्पन भोग एवं श्री बालाजी जन्मोत्सव सायं 7.30 बजे होगा। 22 अप्रैल, सोमवार को विशाल रात्रि जागरण होगा जिसमें विख्यात कलाकार कन्हैया मित्तल चंडीगढ़, प्रियंका श्याम दीवानी खाटू धाम, गौरव पारिक दिल्ली, चैतन्य दाधिच जयपुर में अपने मधुर आवाज में भजन प्रस्तुत करेंगे। वहीं 23 अप्रैल मंगलवार के जागरण में संजय जैन सूरजगढ़, दिवेश पारिक चिड़ावा, राजेश शर्मा सूरजगढ़ भजनों की वर्षा करेंगे। भव्य रासलीला का आयोजन वृंदावन के कलाकारों द्वारा किया जाएगा। 23 अप्रैल को ही धाम में विराट संत सम्मेलन होगा जिसमें दूर दराज से विख्याती प्राप्त संत पहुचेंगे और इसी दिन धाम के परम पूज्य गुरुवर भाईजी पवन कुमार जोशी जी का पट्टाभिषेक समारोह होगा।

मुख्य पुजारी मोनू भाईजी ने आगे बताया कि 24 अप्रैल को श्री शक्ति प्रसन्नता हवन दोपहर 1.00 बजे, 25 अप्रैल को श्री संकट मोचन हवन दोपहर 1.00 बजे होगा। इसके अलावा 26 अप्रैल को अखण्ड संगीतमय सप्तदस दिवसीय सामूहिक सवा लाख हनुमान चालीसा महानुष्ठान होगा।

धाम में अलग अलग नगरों से पहुंचने वाले रोगियों को लाभ देने हरियाणा में पहली बार परम् पूज्य श्री काली कंबल वाले बाबा पहुंच रहे हैं जो 13 अप्रेल से 20 अप्रेल तक निः शुल्क विशाल रोगनिवारक स्वास्थ्य शिविर लगाएंगे। इसके अतिरिक्त 18 अप्रैल से 22 अप्रैल श्री राम-हनुमान गौरव गाथा प. पू. स्वामी श्री दिलीप दास त्यागी जी महाराज (अयोध्या) द्वारा होगी।

मेले में विशेष अतिथि के रूप में डॉ. कमल गुप्ता कैबिनेट मंत्री हरियाणा सरकार, श्रीमति सावित्री जिंदल पूर्व मंत्री, रणबीर गंगवा पूर्व डिप्टी स्पीकर हरियाणा विधानसभा, तरुण जैन जिला उपाध्यक्ष भाजपा, गीता भारती आईएएस मंडल आयुक्त हिसार, राजबीर फरटिया, राजकुमार रिणवां पूर्व मंत्री राजस्थान सरकार उपस्थित होंगे।

उन्होंने बताया कि कलियुग की महान शक्ति द्वारा समस्त पापों का नाश करने हेतु श्री हनुमान जी महाराज मेहन्दीपुर, सालासर, रतनगढ़ की सर्व शक्तियों सहित यहां विराजमान हुए हैं और यहां हर मंगलवार, शनिवार और पूर्णिमा को यात्रियों की भारी भीड़ रहती है। अतः इस शुभ अवसर पर सभी कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर धर्म लाभ उठावें।

# सजग और राजकीय महिला महाविद्यालय, हिसार के बीच हुआ एमओयू

## शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन से ही जीवन में आनंद आएगा : प्राचार्य डॉ. रमेश आर्य



-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 11 अप्रैल :** राजकीय महिला महाविधालय व स्वैच्छिक सामाजिक संस्था सजग के बीच सहमति ज्ञापन हुआ। इसमें सजग की तरफ़ से अध्यक्ष सत्य पाल अग्रवाल, महासचिव सत्य प्रकाश आर्य सहित रतन बंसल खेड़ा वाले, अनिल सिंगला मंगाली वाले शामिल हुए। महाविद्यालय की तरफ़ से प्राचार्य डॉ रमेश आर्य द्वारा ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। डॉ. आर्य ने बताया कि आज के आधुनिक युग में विशेषकर युवा मानसिक तनाव झेल रहा है और इसलिए हमने इसके समाधान पर कार्य करना होगा। दोनों पक्ष विद्यार्थियों के आध्यात्मिक, मानसिक व शारीरिक उत्थान के लिए नए उपायों पर मिलकर आगे बढ़ेंगे। डॉक्टर आर्य ने आगे कहा कि शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन से ही जीवन में आनंद आएगा। सजग के अध्यक्ष सत्य पाल अग्रवाल ने बताया कि इस एम ओ यु के तहत हैप्पीनेस एंड वैलनेस वर्कशॉप का आयोजन, पर्यावरण, शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक स्वास्थ्य हेतु वैदिक यज्ञ-हवन आयोजन तथा प्रशिक्षण व तनाव मुक्त खुशहाल जीवन जीने, श्रेष्ठ युवा निर्माण व श्रेष्ठ राष्ट्र निर्माण में सहभागिता हेतु प्रशिक्षण आदि कार्य करवाए जाएँगे। इस दौरान महाविद्यालय परिवार की तरफ़ से उपप्राचार्या डॉ. एलिज़ा कुण्डू, श्री सतीश सिंगला, हिना पाहूजा व शाईना तहरिया शामिल रहे।

# शैक्षणिक भ्रमण ज्ञान अर्जन व सीखने का है सबसे अच्छा माध्यम : डॉ. ढींडसा

## जेसीडी इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के विद्यार्थियों का एक दल शैक्षणिक भ्रमण करके लौटा






प्रो. डॉ कुलदीप सिंह ढींडसा

-पाठकपक्ष न्यूज-

**सिरसा, 11 अप्रैल :** जेसीडी विद्यापीठ में स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट में 63 विद्यार्थियों का एक दल हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में साई शॉल इंडस्ट्री के अलावा कुल्लू मनाली में ऐतिहासिक एवं अन्य स्थानों का शैक्षणिक भ्रमण करके लौटा। इस भ्रमण का आयोजन प्रबंधन के विद्यार्थियों को इन दार्शनिक स्थानों की संस्कृति का अनुभव करवाना तथा इनसे सम्बन्धित ऐतिहासिक जानकारियां प्राप्त करने हेतु किया गया।

जेसीडी विद्यापीठ के महानिदेशक एवं अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वैज्ञानिक प्रो. डॉ कुलदीप सिंह ढींडसा ने अपने संदेश में कहा कि शैक्षणिक भ्रमण, जैसे कि किसी नए स्थान की यात्रा करना, नई संस्कृतियों को अनुभव करना और विभिन्न विभागों में अन्वेषण करना, ज्ञान अर्जन और सीखने का एक अच्छा माध्यम हो सकता है। यह अनुभवों के माध्यम से सीखने का एक सामर्थ्य वर्धक तरीका होता है जो आपको विभिन्न दृष्टिकोणों से जानकारी प्राप्त करने में मदद कर सकता है। मनोरंजन के साथ सीखने का अवसर कॉलेज के शैक्षिक भ्रमण में मिलता है। रोजाना की दिनचर्या से कुछ हटकर नए स्थानों पर घूमने से न सिर्फ ज्ञान वृद्धि करता हैं बल्कि मानसिक रूप से भी व्यक्ति को तंदुरुस्त भी बनाता हैं । यहाँ पर आप नए विषयों के बारे में सीख सकते हैं, विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान कर सकते हैं, और साथ ही साथ कॉलेज की सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग ले सकते हैं जो आपके व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देती हैं।

उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को एक सीमित सीमा में न बांधकर उन्हें व्यावहारिक एवं स्वयं के अनुभव द्वारा ज्ञान प्रदान करना भी है ताकि वे केवल शिक्षा ही नहीं अपितु अपना सर्वांगीण विकास कर पाएं इसीलिए ऐसे आयोजन उन्हें काफी सहयोग प्रदान करते हैं। डॉ. ढींडसा ने कहा कि हम निकट भविष्य में केवल राष्ट्रीय ही नहीं अपितु अपने विद्यार्थियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय भ्रमणों का आयोजन करवाकर उन्हें देश ही नहीं विदेशों की संस्कृति एवं उनके रहन-सहन के बारे में जानकारी प्रदान करवाएंगे ताकि वह अपनी शिक्षा को ओर अधिक बेहतर बना सकें और कामयाबी हासिल कर पाएं।

इस भ्रमण के बारे में कॉलेज के प्राचार्या डॉ हरलीन कौर ने जानकारी देते हुए कहा कि कॉलेज समय-समय पर ऐसे शैक्षणिक भ्रमणों का आयोजन करवाता रहता है । इस भ्रमण के आयोजन के लिए उन्होंने प्रबंधन समिति का आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों द्वारा अनुशासन में रहकर इसे सफल बनाने के साथ-साथ आयोजक अध्यापकों को भी बधाई दी। उन्होंने बताया कि यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह विद्यार्थियों में नई ऊर्जा प्रदान करता है। इससे विद्यार्थी अपने आपको तरोताजा महसूस करते हैं और फिर वापिस आकर पूरा साल पूरी लगन के साथ पढ़ाई पर ध्यान देते हैं। इससे विद्यार्थियों को बहुत कुछ सीखने को मिलता है।

# 5 वर्ष से कम एचसीएस सेवा वाले तैनात एस.डी.एम. विरूद्ध चुनाव आयोग को लिखा

## लोकसभा आम चुनाव के लिए ऐसे 18 अधिकारी पदांकित किये गए हैं ए.आर.ओ.

**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 11 अप्रैल :** हरियाणा के 10 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों अर्थात लोकसभा सीटों के संबंध में लोक प्रतिनिधित्व कानून, 1951 की धारा 22 (1) के अंतर्गत भारतीय चुनाव आयोग द्वारा बीते फरवरी माह में प्रकाशित एक गजट नोटिफिकेशन माफ़र्त कुल पदांकित 90 में से 18 असिस्टेंट रिटर्निंग ऑफिसर (ए.आर.ओ.) की योग्यता पर सवाल खड़ा हो गया है। ऐसे डेढ़ दर्जन ए.आर.ओ. वास्तव में हरियाणा सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा) अर्थात एच.सी.एस. (ईबी) कैडर के 2020 बैच के अधिकारी हैं एवं वर्तमान में वह प्रदेश के विभिन्न जिलों में पड़ने वाले उप मंडलों में बतौर उप-मंडल अधिकारी (नागरिक) अर्थात एस.डी.ओ. (सिविल), जिन्हें आम लोग उपमंडलाधीश अर्थात एस.डी.एम. कहते हैं, के तौर पर तैनात है।

पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के एडवोकेट और चुनावी मामलों के जानकार हेमंत कुमार ने गत 10 अप्रैल को भारतीय चुनाव आयोग, मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ), हरियाणा, राज्य के मुख्य सचिव और प्रदेश के 10 उपायुक्तों (डीसी) जो दस लोकसभा सीटों के पदांकित रिटर्निंग ऑफिसर (आर.ओ.) हैं को ईमेल माफ़र्त अभिवेदन भेजकर लिखा है कि अक्टूबर, 2020 में प्रदेश के तत्कालीन मुख्य सचिव द्वारा एचसीएस कैडर संख्या निर्धारण आदेश, जो मोजूदा तौर पर भी लागू है, में स्पष्ट तौर एस.डी.ओ. (सिविल) अर्थात एस.डी.एम. के पदों को स्पष्ट तौर पर सीनियर स्केल और सिलेक्शन ग्रेड अर्थात 5 वर्ष से 15 वर्ष तक की एच.सी.एस. सेवा वाले अधिकारियों के लिए दर्शाया गया है।

हेमंत ने बताया कि आज की तारीख में कुल 21 एचसीएस अधिकारी जो 2020 बैच के हैं हरियाणा के विभिन्न उपमंडलों में बतौर एसडीओ (सी)/एसडीएम तैनात हैं। हिसार जिले के हांसी उपमंडल में मोहित कुमार, दर्शन यादव (मानेसर), हरबीर सिंह (भिवानी), ज्योति (इसराना), अमित कुमार- द्वितीय (सोनीपत), मयंक भारद्वाज (नांगल चौधरी), जय प्रकाश (रादौर), रवींद्र मलिक (बेरी), प्रतीक हुड्डा (टोहाना), पुलकित मल्होत्रा (शाहाबाद), अमित मान (बड़खल), अभय सिंह जांगड़ा (डबवाली), अमित (समालखा), अमित कुमार- तृतीय (लोहारू), अजय सिंह (जुलाना), राजेश कुमार सोनी (घरौंडा), अमन कुमार (पेहोवा), गौरव चौहान (पंचकूला), नसीब कुमार (लाडवा), गुलज़ार मलिक (उचाना कलां) और देवेन्द्र शर्मा (बिलासपुर) हैं। इनमें से 18 अर्थात 3 उप-मंडलों- मानेसर, जुलाना और नांगल चौधरी में तैनात उक्त अधिकारियों को छोड़कर शेष सभी को इसी वर्ष फरवरी में उनके पद अर्थात उनके एसडीओ (सी) तैनात होने के फलस्वरूप भारतीय चुनाव आयोग द्वारा सम्बंधित लोकसभा सीट के ए.आर.ओ. के तौर पर पदांकित किया गया।

हालांकि इसमें कोई संदेह नहीं कि प्रदेश में आईएएस और एचसीएस-ईबी अधिकारियों की तैनाती-तबादले करने की शक्ति राज्य सरकार (मुख्यमंत्री) में निहित होती है एवं ऐसा करना उनका विवेकाधिकार है परन्तु ऐसा करते समय प्रशासनिक सिद्धांतों की अनुपालना आवश्यक है ताकि तैनाती-तबादलों पर किसी प्रकार का कोई प्रश्न उत्पन्न न हो। अगर एचसीएस कैडर निर्धारण आदेश, 2020 में स्पष्ट तौर पर न्यूनतम पांच वर्ष की एचसीएस सेवा वाले अधिकारी को ही एसडीओ (सी)/एसडीएम पद के लिए योग्य माना गया है, तो इसकी सख्त अनुपालना की जानी चाहिए और विशेष तौर पर तब लोकसभा आम चुनाव के दृष्टिगत प्रदेश के उप-मंडलों में तैनात ऐसे एचसीएस अधिकारियों को भारतीय चुनाव आयोग द्वारा ए.आर.ओ. के तौर पर पदांकित किया गया हो।

हेमंत ने इस सम्बन्ध में चुनाव आयोग से तत्काल हस्तक्षेप करने का आह्वान करते हुए हरियाणा सरकार को निर्देश देकर उपयुक्त कार्रवाई के लिए लिखा है ताकि एच.सी.एस. कैडर में न्यूनतम पांच साल की सेवा वाले अधिकारियों की ही प्रदेश के सभी उपमंडलों में एसडीओ (सी)/एसडीएम के पद पर तैनाती सुनिश्चित की जा सके जो इस पद के फलस्वरूप आगामी लोकसभा आम चुनाव में सम्बंधित लोकसभा सीट में पदांकित ए.आर.ओ. के तौर अपनी चुनावी ड्यूटी निभा सकें।

# विभिन्न स्थानों पर नेताओं का विरोध करके जनता जता रही भाजपा के प्रति रोष : लाल बहादुर खोवाल



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 अप्रैल :** विभिन्न स्थानों पर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं का विरोध करने की घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट ने कहा कि अब भाजपा की सच्चाई सामने आ रही है। हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के अध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि भाजपा की जनविरोधी नीतियों के प्रति जनता इतनी अधिक आक्रोषित है कि लोग भाजपा नेताओं को गांवों तक में नहीं घुसने दे रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा की रैली में भी नाममात्र के लोग दिखाई देते हैं और अधिकतर कुर्सियां खाली पड़ी रहती हैं। एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि लोकलुभावन वादे करके और जनता को भ्रमित करके भाजपा दो बार लोकसभा चुनाव जीत चुकी है। अब जनता की आंखें खुल चुकी हैं और भाजपा की सच्चाई से लोग वाकिफ हो चुके हैं। इसलिए अब जनता इनके झूठे वादों व बड़े-बड़े दावों से भ्रमित होने वाली नहीं है। पूरे देश को पता है कि किस तरह से भाजपा सरकार ने किसानों को प्रताड़ित किया है। इसी भांति मजदूर, गरीब, पिछड़ा वर्ग, व्यापारी व नौकरीपेशा सहित हर वर्ग विभिन्न समस्याओं का सामना कर रहा है। खोवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर रैली व जनसभाओं में बड़े-बड़े दावे करते हैं लेकिन जनता अब इन्हें आईना दिखाने का काम कर रही है। खोवाल ने कहा कि भाजपा ने हमेशा सरकारी मशीनरी व जांच एजेंसियों का दुरुपयोग किया है। ईडी व सीबीआई को ढाल बनाकर विपक्षी पार्टी के नेताओं पर दबाव बनाया गया है। इतना ही नहीं कई नेताओं को जेल भेजकर उनकी छवि खराब की जा रही है। उन्होंने कहा कि अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं को भ्रष्ट साबित करके जनता को गुमराह करने की भाजपा की रणनीति रही है। भाजपा एक बार फिर इसी रणनीति पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा चाहे कितनी ही चाल चल ले, इस बार लोकसभा चुनाव में उसकी दाल गलने वाली नहीं है क्योंकि काठ की हांडी चूल्हे पर बार-बार नहीं चढ़ा करती। एडवोकेट खोवाल ने कहा कि भाजपा की गलत नीतियों के कारण उनके कई नेता पार्टी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने घोषणा पत्र जारी करके अपनी विचारधारा व सोच को स्पष्ट कर दिया है। दरअसल कांग्रेस इस लोकसभा चुनाव के माध्यम से जनता के न्याय की लड़ाई लड़ रही है और इस लड़ाई में पूरा देश कांग्रेस पार्टी के साथ है।

# ऋषि देव जैन मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट 16 अप्रैल को दिव्यांग केंद्र में लगाएगा निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 अप्रैल :** सामाजिक सरोकारों व स्वास्थ्य सेवाओं के मामले में अग्रणी भूमिका निभाने वाले दिव्यांग पुनर्वास एवं स्वास्थ्य केंद्र में 16 अप्रैल को श्री ऋषि देव जैन की पुण्य स्मृति में निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर आयोजित किया जाएगा। श्री ऋषि देव जैन मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में लगने वाले इस शिविर में आंखों के सफेद मोतियाबिंद की समस्या से जूझ रहे जरूरतमंद लोगों की आंखों के निशुल्क ऑपरेशन किए जाएंगे।

इस शिविर के लिए किसी भी कार्यदिवस में निशुल्क पंजीकरण करवाया जा सकता है। पंजीकरण के लिए सुशील मुनि जैन के मो. नं. 9896625001 पर भी संपर्क किया जा सकता है। शिविर के दौरान कृष्ण कुमार जैन, सुशील मुनि जैन, राकेश कुमार जैन व अंशुल जैन विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा द्वारा हिसार के बस स्टैंड के पास न्यू ऋषि नगर में स्थापित दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में नेत्र जांच, नेत्र चिकित्सा व नेत्र ऑपरेशन की तमाम आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष सुरेंद्र कुच्छल, सचिव एडवोकेट राजेश जैन व प्रोजेक्ट हेड रामनिवास अग्रवाल ने बताया कि दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में समाजसेवियों के सहयोग से समय-समय पर जरूरतमंद लोगों की आंखों के सफेद मोतियाबिंद के निशुल्क ऑपरेशन किए जाते हैं। इसी कड़ी में श्री ऋषि देव जैन मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 16 अप्रैल को निशुल्क शिविर लगाया जा रहा है। इस शिविर से काफी लोगों को फायदा मिलेगा। उन्होंने बताया कि दिव्यांग केंद्र में नेत्र चिकित्सा सुविधा के साथ-साथ दंत चिकित्सा, फिजियोथेरेपी एवं सामान्य रोग जांच की सुविधा भी उपलब्ध है। यहां पर लाला देवी चंद ग्रोवर कृत्रिम अंग निर्माणशाला भी उपलब्ध है जिसमें कृत्रिम अंगों का निर्माण करके दिव्यांग बंधुओं को निशुल्क प्रदान किए जाते हैं।

# शिक्षा जगत की 151 हस्तियों को मिला शिक्षा रत्न अवार्ड

## लक्ष्य पब्लिक स्कूल धांसू के स्थापना दिवस पर शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले अध्यापकों को मिला सम्मान







**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 अप्रैल :** एयरपोर्ट रोड स्थित लक्ष्य पब्लिक स्कूल धांसू के स्थापना दिवस पर शिक्षा विकास के क्षेत्र में सराहनीय योगदान करने वाले प्रदेश भर के 151 शिक्षकों को शिक्षा रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह की अध्यक्षता लक्ष्य पब्लिक स्कूल के प्रबंध निदेशक रामनिवास वर्मा ने की, जबकि शुभारंभ मुख्यअतिथि के तौर पर मेजर अभिषेक राठी एवं पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि के तौर पर जिला शिक्षा अधिकारी प्रदीप नरवाल मौजूद रहे। इस दौरान राह ग्रुप फाउंडेशन के नेशनल चेयरमैन नरेश सेलपाड़ अति विशिष्ठ अतिथि, वेट लिफ्टिंग की नेशनल चैंपियन मंजू सिंहमार, भाजपा नेता साधुराम जाखड़ एवं सर्व हरियाणा प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेन्द्र सेठी विशिष्ठ अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। इससे पहले स्कूल के नवनिर्मित ए. सी. कैम्पस का लोकार्पण मेजर अभिषेक राठी के कर कमलों द्वारा किया गया। इस नए आधुनिक परिसर में दो हजार से अधिक विद्यार्थियों को स्कूली शिक्षा के साथ-साथ जेईई, एनईईटी, सीटीईटी, आईआईटी व दूसरी प्रतियोगी प्रतियोगिताओं से संबंधित प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी की व्यवस्था उपलब्ध होगी। जिसमें नई तकनीकों के साथ मॉडर्न लाइब्रेरी भी सुविधा विद्यार्थियों को मिलेगी। यह जानकारी देते हुए स्कूल के प्राचार्य भीम सिंह शर्मा व चेयरमैन रमेश वर्मा ने बताया कि लक्ष्य पब्लिक स्कूल धांसू के स्थापना दिवस पर 101 शिक्षकों एवं 50 प्रिंसिपल को शिक्षा रत्न अवार्ड प्रदान किया गया। लक्ष्य पब्लिक स्कूल के प्रबंध निदेशक रामनिवास वर्मा ने बताया कि अध्यापकों व प्राचार्यो को यह सम्मान शिक्षा, खेल, छात्राओं को सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग दिलवाने, स्कूल परिसर को हरा भरा व सुन्दर बनाने एवं उनकी सामाजिक व दूसरे क्षेत्रों की तीन वर्ष की उपलब्धियों के आधार पर प्रदान किए गए हैं। इससे पहले स्कूल के विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान समाजसेवा, खेल, राजनीति एवं प्रशासनिक क्षेत्र से जुड़ी कई हस्तियां मौजूद रही।

### शिक्षा में बदलाव समय की मांग : प्रदीप नरवाल

इस दौरान मुख्यअतिथि पुरस्कार वितरण जिला शिक्षा अधिकारी प्रदीप नरवाल ने अध्यापकों से विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमे लार्ड मैकाले की नीति को छोड़ कर भारतीय संस्कृति व अपने रीति रिवाजों व संस्कार पूर्ण शिक्षा देनी चाहिए। डीईओ श्री नरवाल ने कहा कि महज कागजी ज्ञान से दूर सराहनीय शिक्षा प्रदान करने वाले शिक्षकों को सम्मानित करके लक्ष्य पब्लिक स्कूल ने बहुत ही सराहनीय कार्य किया है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का सुधारने की जरुरत : मेजर अभिषेक राठी

इससे पहले नवनिर्मित ए.सी. कैम्पस का लोकार्पण करते हुए शुभारंभ मुख्यअतिथि मेजर अभिषेक राठी ने अध्यापकों का आह्वान किया है कि वे बच्चों को 21वीं सदी की व्यावसायिक शिक्षा के साथ-साथ चरित्र निर्माण पर भी जोर दे, जिससे कि भारत वर्ष को फिर से विश्व गुरू का दर्जा मिल सके। शिक्षा रत्न अवार्ड से सम्मानित प्राचार्यो व अध्यापकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आप अन्य अध्यापकों के लिए प्रेरणास्रोत हैं, इसलिए मेरा आप से अनुरोध है कि हम सभी मिलकर ग्रामीण शिक्षा का स्तर और अधिक बेहतर करने में अपना हर संभव सहयोग दे।

# कटला रामलीला के रामनवमी महोत्सव-प्रभु का होता साक्षात्कार : कथा व्यास डॉ. नरेशचंद्र शास्त्री

## कटला रामलीला के रामनवमी महोत्सव में माता सती व भगवान शिव के प्रसंग सुनकर अभिभूत हो गए श्रद्धालु







**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 अप्रैल :** श्री रामलीला कमेटी कटला द्वारा आयोजित 127वें श्रीरामनवमी महोत्सव के दौरान राजा दक्ष, माता सती व भगवान शिव से संबंधित प्रसंग सुनकर श्रद्धालु अभिभूत हो गए। गुरुधाम-जटारीधाम से पधारे कथा व्यास डॉ. नरेशचंद्र शास्त्री जी ने माता सती की आस्था व साधना का बड़ा ही सुंदर वर्णन किया। उन्होंने कहा कि साधना करने से प्रभु का साक्षात्कार हो जाता है। डॉ. नरेशचंद्र शास्त्री जी ने कहा कि इतनी आत्मीयता से कथा सुननी चाहिए कि वह हृदय में बैठ जाए। उन्होंने कहा कि बड़े अफसोस की बात है कि कई वक्ता धर्मग्रंथों के भाव को तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत करते हैं और अपने अनुकूल अर्थ बताते हैं। धर्मग्रंथों से छेड़छाड़ का किसी को कोई अधिकार नहीं है। जो भी श्रद्धालुओं के समक्ष प्रस्तुत किया जाए वह धर्मग्रंथ सम्मत होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कई लोग प्रश्न उठाते हैं कि श्रीराम कथा सुनने से क्या मिलेगा। वास्तव में जो कहीं नहीं मिलता व कथा सुनने से मिलता है। उन्होंने कहा कि पूरी आत्मीयता से कथा सुनने से जीवन में अप्रतिम बदलाव आ जाता है। श्री रामलीला कमेटी कटला के प्रधान सुरेंद्र लाहौरिया, महासचिव राजेश बंसल व कोषाध्यक्ष रमेश लोहिया ने संयुक्त रूप से बताया कि इस अवसर पर लुवास के कुलपति डॉ. विनोद वर्मा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। ऋषिराज बुड़ाकिया, विराट अग्रवाल, रामअवतार जिंदल, शक्ति अग्रवाल, सजन गुप्ता, डॉ. सुभाष शर्मा, मुकेश गोयल गुड़गांव, अजय सिंगल गुड़गांव, रमेश गोयल दिल्ली, विजय गर्ग, प्रमोद अग्रवाल, रामू सिंगल, राधेश्याम आर्य, पवन जिंदल व दिनेश डाबड़ा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि डॉ. नरेशचंद्र शास्त्री जी 12 अप्रैल को श्रीराम वनवास व दशरथ जी को शोक एवं 13 अप्रैल को भरत मिलाप व सीता हरण प्रसंग सुनाएंगे। सुरेंद्र लाहौरिया, राजेश बंसल व रमेश लोहिया ने बताया कि महोत्सव के अंतिम दिन 17 अप्रैल को प्रातः 9.15 बजे श्रीराम जी की शोभा यात्रा निकाली जाएगी। यह शोभा यात्रा महाराजा अग्रसेन भवन से चलकर मुख्य बाजारों से होते हुए वापस अग्रसेन भवन पहुंचेगी। इसके उपरांत दोपहर 12.15 बजे से श्रद्धालुओं के लिए अटूट भंडारे का आयोजन किया जाएगा। श्रीराम कथा के दौरान श्री रामलीला कमेटी कटला के उपप्रधान कुलप्रकाश गोयल बंटी एवं कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र बंसल (नेताजी), रामनिवास गर्ग, दिनेश जैन, राधेश्याम अग्रवाल, प्रवीण बंसल व मंजुल गोयल उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री रामलीला कमेटी कटला के सभी कॉलेजियम हेड, सदस्यगण भी विशेष रूप से मौजूद रहे।












# लुवास में पर्यावरण को समर्पित 'प्राणवायु क्लब' की स्थापना की गई

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 अप्रैल :** लाला लाजपत राय पशु-चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास), हिसार में कुलपति प्रो. डॉ. विनोद कुमार वर्मा के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में पृथ्वी, आकाश, वायु, जल के स्वास्थ्य तथा हरित ऊर्जा एवं पर्यावरण पर केंद्रित पारिस्थितिकी तंत्र को संधारणीय रखने के लिए संयुक्त दृष्टिकोण की अदभुत अवधारणा के अंतर्गत प्राणवायु क्लब की स्थापना की गयी है क्लब का गठन छात्र कल्याण निदेशालय, लुवास के तत्वावधान में किया गया है और इसमें लुवास के घटक कॉलेजों के नौ संकाय सदस्य और अठारह छात्र शामिल हैं।

कल इस क्लब की पहली बैठक कुलपति सचिवालय में कुलपति महोदय की अध्यक्षता में हुई। कुलपति प्रो. डॉ. विनोद कुमार वर्मा ने क्लब की कोर कमेटी के सदस्यों को उनके इस क्लब को लेकर विचारधारा के बारे में अवगत कराया और साथ ही उन्होंने क्लब के कामकाज की रूपरेखा पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि इस क्लब के गठन की उनकी अवधारणा न केवल संकाय सदस्यों और युवाओं के बीच स्वच्छ, साफ व् संधारणीय पर्यावरण के लिए जागरूकता पैदा करना है बल्कि इस दिशा में काम करना भी है। क्लब की अध्यक्ष पशु चिकित्सा रोग विज्ञान में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. दीपिका ने कुलपति को धन्यवाद दिया।




## आपस में भिड़ीं बाइकें, पीछे से आ रहे डंपर ने लोगों को कुचला; पांच मौतों से मचा कोहराम

**पाठकपक्ष न्यूज**

**नई दिल्ली, 11 अप्रैल :** बरेली-हरिद्वार हाईवे पर जहानाबाद थाना क्षेत्र में निसरा के पास दो बाइकों के आपस में टकराने से नीचे गिरे लोगों को पीछे से आए डंपर ने कुचल दिया। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक महिला भी शामिल है। हादसे के बाद जुटे ग्रामीणों ने हंगामा भी किया। बृहस्पतिवार सुबह 10:30 बजे निसरा के पास दो बाइकों में भिडंत हो गई। बाइक टकराने से इन बाइकों पर सवार सभी लोग सड़क पर गिर गए। इसी समय पीछे से आए डंपर ने 21 वर्षीय आकिब पुत्र हसीन निवासी ग्राम विलाई पसियापुर, साहब (25) पुत्र शाहिद निवासी ग्राम परेवा वैश्य, अरबाज (26) पुत्र अकील खान निवासी ग्राम परेवा वैश्य को कुचल दिया। दूसरी बाइक पर सवार ग्राम अडोली निवासी ओवैस पुत्र ताहिर अली और उनकी पत्नी 30 वर्षीय सकरा बेगम की भी हादसे में मौत हो गई। घटना का पता चलते ही लोगों की भीड़ जमा हो गई। डंपर को पकड़ने की मांग को लेकर हंगामा किया और हाईवे जाम करने की कोशिश भी की। हंगामे की सूचना मिलने पर सीओ सदर डॉक्टर प्रतीक दहिया, प्रभारी निरीक्षक जहानाबाद मुकेश शुक्ला भारी संख्या में पुलिस और पीएसी के साथ मौके पर पहुंचे।

# दिल्ली शराब नीति मामले में सीबीआई का बड़ा एक्शन, पूर्व सीएम की बेटी के. कविता को हिरासत में लिया

**पाठकपक्ष न्यूज**

**नई दिल्ली, 11 अप्रैल :** केंद्रीय एजेंसी सीबीआई ने कथित दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में तेलंगाना के. पूर्व सीएम केसीआर की बेटी के कविता को गुरुवार को हिरासत में ले लिया। बीआरएस की नेता के कविता की कोर्ट ने हिरासत 23 अप्रैल तक के लिए बढ़ा दी थी। ईडी ने के कविता पर आरोप लगाया है कि दिल्ली आबकारी नीति मामले में शामिल साउथ ग्रुप की सदस्य हैं। एजेंसी ने कहा है कि के कविता उस साउथ ग्रुप की अहम सदस्यों में शामिल हैं जिन पर शराब लाइसेंस में बड़ा हिस्सा पाने के लिए दिल्ली के सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) को 100 करोड़ रुपये की रिश्वत देने का आरोप है। पिछले सप्ताह के कविता ने जेल में पूछताछ करने और उसके बयान दर्ज करने की मांग करने वाली सीबीआई की याचिका का विरोध करते हुए अदालत का रुख किया था और



अदालत से अपना आदेश वापस लेने का आग्रह किया था। गौरतलब है कि अदालत ने 5 अप्रैल को सीबीआई को तिहाड़ जेल में कविता से पूछताछ करने की अनुमति दी थी। केंद्रीय जांच एजेंसी ने कविता की याचिका पर जवाब देने के लिए समय मांगा था। कविता के वकील नितेश राणा ने 6 अप्रैल को अदालत को बताया था कि जांच एजेंसी ने उनके पीठ पीछे याचिका दायर करके कानून की उचित प्रक्रिया का उल्लंघन किया है। विशेष न्यायाधीश बवेजा ने अदालत के आदेश का विरोध करने वाली कविता की अर्जी पर बहस के लिए मामले को 26 अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दिया, जिसमें सीबीआई को जेल में उनसे पूछताछ करने की अनुमति दी गई थी। हालांकि, कविता के वकील राणा और दीपक नागर ने कहा कि वह आवेदन पर बहस करना चाहेंगे। ईडी ने बीआरएस अध्यक्ष और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी कविता को 15 मार्च को हैदराबाद में उनके आवास पर तलाशी के बाद गिरफ्तार किया था।

## बैसाखी पर हर घर पर खालसा का प्रतीक धार्मिक झंडा लगाने की अपील

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 अप्रैल (इकबाल सिंह उप्पल) :** श्री अकाल तख्त अमृतसर के जत्थेदार भाई रघुवीर सिंह ने हुकमनामा जारी करते हुए दुनिया भर के सिख जगत और नानक नाम लेवा संगत से अपील की है कि खालसा के सजना दिवस बैसाखी पर 13 अप्रैल के दिन अपने घर के ऊपर खालसा का प्रतीक धार्मिक झंडा लगाया जाए ताकि समाज से जात पात, उच्च नीच और भेदभाव की बुराइयां को खत्म किया जा सके। वर्णन योग है कि 1599 की बैसाखी वाले दिन दशम पिता गुरु गोविंद सिंह महाराज ने अलग-अलग धर्म के पांच बंदों को अमृत पिलाकर पंच प्यारे को सजाया और खालसा पंथ की नींव रखी। लेकिन कई सदियां बीत जाने के बाद भी समाज से जात-पात का जहर बढ़ता ही जा रहा है। जिसकी रोकथाम के लिए श्री अकाल तख्त साहब अमृतसर के जत्थेदार ने यह पहल की है। जिसकी सभी ओर से प्रशंसा हो रही है।

## सनातन का अपमान हो रहा तो मुझे कहा गया चुप रहो, ..कांग्रेस आईटी सेल के पूर्व चीफ रोहन गुप्ता बीजेपी में शामिल हुए

**पाठकपक्ष न्यूज**

**नई दिल्ली, 11 अप्रैल :** गुजरात के पूर्व कांग्रेस नेता रोहन गुप्ता भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए। भाजपा में शामिल होने के बाद रोहन गुप्ता ने कहा कि कितने विरोधाभास हो सकते हैं? एक संचार प्रभारी हैं जिनके नाम में 'राम' है, जब सनातन (धर्म) का अपमान हो रहा था तब उन्होंने हमको कहा कि आप चुप रहो। देश के नाम का उपयोग करके एक गठबंधन बनाया गया लेकिन उसमें 'देश विरोधी ताकतों' को जोड़ा गया। आगामी लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता रोहन गुप्ता गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। गुप्ता ने कांग्रेस महासचिव संचार प्रभारी



जयराम रमेश पर कटाक्ष करते हुए कहा कि एक संचार प्रभारी हैं जिनके नाम में 'राम' है, उन्होंने हमें चुप रहने के लिए कहा था जब सनातन (धर्म) का अपमान किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि देश के नाम का इस्तेमाल कर एक गठबंधन बनाया गया था लेकिन इसमें 'देश विरोधी ताकतें' शामिल थे। गुप्ता ने कहा कि ऐसी क्या मजबूरी है कि जिस केजरीवाल पर खालिस्तानियों से जुड़े होने का आरोप था, आज वे उनका समर्थन कर रहे हैं? गुप्ता ने 22 मार्च को कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था और दावा किया था कि पार्टी के संचार विभाग के एक वरिष्ठ नेता द्वारा चरित्र हनन और अपमान उनके पार्टी छोड़ने के फैसले का कारण था।

## सावित्री जिंदल ने पूर्व मंत्री हरि सिंह सैनी के निधन पर जताया शोक

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 अप्रैल :** हरियाणा की पूर्व राजस्व एवं स्थानीय निकाय मंत्री सावित्री जिन्दल ने पूर्व मंत्री हरिसिंह सैनी जी के निधन पर उनके निवास स्थान पर पहुंचकर शोक जताया और शोकाकुल परिजनों को धीरज बंधाया। दुख की इस घड़ी में उन्होंने सैनी जी के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की और कहा कि उनके निधन से हिसार परिवार को अपूरणीय क्षति हुई है। श्रीमती जिन्दल ने कहा कि वे समाज के लिए पूर्ण रूप से समर्पित थे। उनके प्रति जनता के मन में सदैव प्यार और सम्मान रहा। अपनी कार्यशैली और जुझारूपन के कारण वे जन-जन के हृदय सम्राट थे। उनका जीवन हमारे लिए सदैव प्रेरणा का स्त्रोत रहेगा। श्रीमती जिन्दल ने ईश्वर से प्रार्थना की कि वह दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिजनों को संकट की इस घड़ी में पीड़ा सहने की शक्ति प्रदान करें।

## भीम आर्मी नेता संतलाल गिरफ्तार



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 अप्रैल :** भीम आर्मी के नेता व प्रवक्ता संतलाल एडवोकेट को आज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उनके खिलाफ डेढ़ वर्ष पूर्व अदालत परिसर चौकी में केस दर्ज हुआ था। आज भीम आर्मी कार्यकर्त्ताओं ने प्रदर्शन भी किया।

## पूर्व मंत्री हरिसिंह सैनी का निधन राजनीतिक व सामाजिक कार्यों को गहरी क्षति : डॉ. आशा खेदड़

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 अप्रैल :** भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व मंत्री हरिसिंह सैनी के निधन पर शोक जताया है। पार्टी के अनुसार उनका निधन से केवल राजनीतिक क्षेत्र को ही नहीं बल्कि सामाजिक क्षेत्र को भी उनके निधन से गहरी क्षति पहुंची है। भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने कहा कि दिवंगत श्री हरिसिंह सैनी पुराने राजनीतिज्ञ थे। वे अपने समय में राजनीति में सक्रिय रहने के साथ–साथ सामाजिक कार्यों में सदा अग्रणी रहते थे। वे आर्य समाज सहित अनेक सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हुए थे और सामाजिक क्षेत्र में उनका विशेष स्थान था। उनके निधन से राजनीतिक व सामाजिक क्षेत्र को गहरी क्षति पहुंची है, जिसकी भरपाई नहीं हो सकती। हिसार लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह चौटाला ने भी पूर्व मंत्री हरिसिंह सैनी के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने कहा कि स्व. श्री सैनी से उनका जब भी मिलना होता था तो राजनीतिक व सामाजिक कार्यों पर बातचीत होती थी। चाहे वे कहीं भी किसी भी पार्टी में रहे हो लेकिन सामाजिक कार्यों में सदैव अग्रणी रखने वाले व्यक्ति थे। उनके निधन से जहां राजनीतिक क्षेत्र को क्षति पहुंची है वहीं सामाजिक क्षेत्र को भी गहरा आघात लगा है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि पार्टी के अन्य पदाधिकारियों व सदस्यों ने भी पूर्व मंत्री के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारियों ने उनके निधन को शहर के राजनीतिक व सामाजिक कार्यों के लिए अपूर्णीय क्षति बताया है।

## पूर्व मंत्री चौ. हरि सिंह सैनी का निधन हिसार के लिए अपूर्णीय क्षति : रमेश चुघ

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 अप्रैल :** पूर्व मंत्री चौ. हरि सिंह सैनी का निधन हिसार शहर के लिए एक अपूर्णीय क्षति है। यह बात आज इनेलो के जिला प्रवक्ता रमेश चुघ ने एक बयान जारी कर कही। बयान में उन्होंने कहा कि चौ. हरि सिंह सैनी 1987 में इनेलो (तत्कालीन लोकदल) की टिकट पर हिसार से विधायक चुने गए थे। पार्टी ने उनको मंत्रीपद देकर उनको आगे बढ़ाने का काम किया। इनेलो जिला प्रवक्ता ने कहा कि चौ. हरि सिंह सैनी 36 बिरादरी के नेता थे। सर्वसमाज में उनका मान-सम्मान था। वो आर्य समाज नागोरी गेट के प्रधान थे और सदैव समाजसेवा में लगे रहते थे। उनके निधन से हिसार की राजनीति में एक शून्य उत्पन्न हो गया है, जिसको भर पाना काफी मुश्किल है।



पूर्व मंत्री चौ. हरि सिंह सैनी के साथ इनेलो जिला प्रवक्ता रमेश चुघ की फाइल फोटो।

## कन्या गुरुकुल घिराय की प्राचार्या सुनीता आर्या 'शिक्षक रत्न अवार्ड' से सम्मानित



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 अप्रैल :** लक्ष्य पब्लिक स्कूल धांसू द्वारा स्कूल के 22वें स्थापना दिवस पर एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय एवं अतुलनीय योगदान देने वाले प्रदेश के 151 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्वामी दीप्तानंद कन्या गुरुकुल घिराय की प्राचार्या सुनीता आर्या को शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने व उल्लेखनीय योगदान हेतु 'शिक्षक रत्न अवार्ड' देकर सम्मानित किया। उन्हें यह सम्मान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे जिला शिक्षा अधिकारी हिसार प्रदीप नरवाल द्वारा दिया गया। सुनीता आर्या ने स्कूल डायरेक्टर रामनिवास वर्मा व मैनेजमेंट का आभार जताते हुए कहा कि लक्ष्य स्कूल का यह प्रयास प्रशंसनीय व सराहनीय है जिससे शिक्षा जगत के क्षेत्र में काम करने वाले शिक्षाविदों का उत्साहवर्द्धन होगा और वे इस दिशा में और भी बेहतर कर पाएंगे।

## सेंट सोफिया स्कूल में 'वैलकम पार्टी' का आयोजन

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 अप्रैल :** सैक्टर 15ए स्थित सेंट सोफिया स्कूल में आज 'वैलकम पार्टी' का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी से यू.के.जी. तक के बच्चों ने बड़े ही अनूठे ढंग से इस पार्टी में शिरकत की। रंग-बिरंगी पोशाकों में सभी बच्चे ऐसे प्रतीत हो रहे थे मानो सोफिया रूपी बगिया में नए-नए फूल खिले हों। कार्यक्रम की शुरुआत रिबन काटकर की गई। यह अवसर कक्षा नर्सरी से प्रथम प्रवेशकर्त्ता लाविक को दिया गया तथा केक के साथ सभी बच्चों का मुंह मीठा करवाया गया। बच्चों ने अपने नृत्य के माध्यम से पार्टी में नए रंग-बिखेरे तथा सबको अपनी ओर आकर्षित किया। अंत में स्कूल की प्रधानाचार्या की तरफ से सभी को विभिन्न प्रकार की खाने की चीजें व उपहार दिए गए तथा आगे आने वाले जीवन के लिए प्रेरित किया गया। नन्हें मुन्ने बच्चों ने भी आशीर्वाद अपनी मुसकुराहट के जरिए जाहिर किया।







प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी चन्द्रबाला द्वारा 33–एस माडल टाउन, हिसार से प्रकाशित एवं सूचना प्रिंटर्स 33–एस, माडल टाउन, हिसार से मुद्रित।

सम्पादक : आशीष मलिक
उप–सम्पादक : मनोज कुमार

विजय कुमार : 98964–72584
श्याम नागपाल : 92552–73410
संचित मलिक रिपोर्टर हांसी 98960–38818

Email : dailypathakpaksh@yahoo.in
कानूनी सलाहकार- प्रवीर आर्य (9996055500)
किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र हिसार होगा।

## हांसी में किसान की गेहूं चोरी : हैबतपुर में खेत में रखे भरे कट्टों में से 3 चोरी; बाइक के टायरों के निशान मिले

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 अप्रैल :** हरियाणा के हिसार के नारनौंद के गांव हैबतपुर के खेत में रखे गेंहू के कट्टे चोरी हो गए। किसान ने रात को गेहूं निकाल कर गेहूं को खेत में ही कट्टों में डालकर छोड़ दिया था। सुबह जब खेत में गया तो 3 कट्टे गायब मिले। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

